उज्जैन
सोमवार
24
अगस्त, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-291
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 आकाश ग्रीन कॉलोनी, विनायक सार्थक ग्रुप द्वारा किया जा रहा अवैध कब्जा

7 सेमीफाइनल के लिए भारत को बड़ी जीत चाहिए

### पहली भारतीय महिला मिमिक्री आर्टिस्ट आशा सिंह का निधन

**नई दिल्ली।** दिग्गज अभिनेत्री और भारत की पहली महिला मिमिक्री आर्टिस्ट आशा सिंह जायसवाल का निधन हो गया है। उन्होंने 22 अगस्त को शाम करीब 7:30 बजे अंतिम सांस ली। उनके बेटे आकाश भारद्वाज ने पोस्ट शेयर कर इस बात की जानकारी दी। आशा को भारत की पहली महिला मिमिक्री आर्टिस्ट माना जाता है। वे हिंदी सिनेमा की मशहूर एक्ट्रेस मीना कुमारी की आवाज की नकल करने के लिए पहचानी जाती थीं। वह बीआर चोपड़ा की महाभारत में द्रोणाचार्य की पत्नी कृपी के किरदार में नजर आई थीं। उनका अंतिम संस्कार रविवार को सुबह 10 बजे मुंबई के विले पार्ले स्थित पवन हंस श्मशान घाट पर किया गया। बेटे आकाश ने लिखा- मां के लिए उनका काम ही सब कुछ था आशा के बेटे आकाश ने लिखा कि उनकी मां के लिए उनका काम ही सब कुछ था।

### विदेशी-निवेशकों की भारतीय शेयर बाजार में लगातार दूसरे महीने खरीदारी

**नई दिल्ली।** विदेश से आने वाले फंड्स में सुधार और घरेलू आर्थिक संकेतों की मजबूती के बीच फॉरेन पोर्टफोलियो इन्वेस्टर्स का भारतीय इक्विटी मार्केट पर भरोसा मजबूत हो रहा है। अगस्त 2026 में अब तक विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में 23,544 करोड़ का नेट इनफ्लो यानी निवेश किया है। मार्केट डेटा के अनुसार, जुलाई 2026 में 20,200 करोड़ के निवेश के बाद अगस्त लगातार दूसरा महीना है, जब विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयरों में खरीदारी बढ़ाई है। इससे पहले मार्च से जून 2026 तक लगातार 4 महीनों में एफपीएलएस ने भारतीय बाजारों से भारी निकासी की थी।

### स्पेस में सैटेलाइट री-फ्यूलिंग, दवाइयां बनाने की तैयारी

**नई दिल्ली।** अंतरिक्ष में सैटेलाइट रीफ्यूलिंग, कचरा हटाने वाले रोबोट और हवा में तैरती दवाइयां। भारत का स्पेस सेक्टर अब फिल्मों में दिखने वाली टेक्नोलॉजी सच करने पर काम कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के 20 स्पेस स्टार्टअप्स फाउंडर्स से खास बातचीत की। पीएम ने भरोसा दिलाया कि सरकार उद्यमियों का हाथ कभी नहीं छोड़ेगी। रिस्क लेने वालों को पूरा सपोर्ट मिलेगा। ये बातचीत 21 अगस्त को की गई थी, लेकिन वीडियो आज 23 अगस्त को रिलीज किया गया है। स्काईरूट ने पीएम मोदी को बताया कि 18 जुलाई को भारत के पहले प्राइवेट रॉकेट से सैटेलाइट्स को कामयाबी के साथ ऑर्बिट में स्थापित किया था। कंपनी ने अब तक 3 फैक्ट्रियां तैयार कर ली हैं, जिनमें हर महीने एक रॉकेट बनाने की क्षमता है।

### बांग्लादेश में हिंदू परिवार के 4 लोगों की हत्या, ड्रग लेने का विरोध करने पर मारा

**ढाका।** बांग्लादेश के रंगपुर शहर में एक हिंदू परिवार के चार लोगों की हत्या कर दी गई। इनमें रिटायर्ड स्कूल शिक्षक, उनकी पत्नी, बेटी और बेटा शामिल हैं। बांग्लादेशी मीडिया डेली स्टार के मुताबिक इस मामले में पुलिस ने कजिन ब्रदर्स मुग्धो और सिद्धार्थ को हिरासत में लिया है। पुलिस के मुताबिक, दोनों युवक घर की छत पर बैठकर याबा नाम की नशीली ड्रग ले रहे थे। परिवार ने उन्हें देख लिया और रोकने की कोशिश की। इसके बाद दोनों ने परिवार की हत्या कर दी। फिर आरोपियों ने घर में खाना खाया और नहाया। परिवार के चारों लोगों के शव शनिवार रात बंद घर से मिले। मृतकों की पहचान गणपति चक्रवर्ती (65), पत्नी प्रीतिलता चक्रवर्ती (50), बेटी आगमी चक्रवर्ती प्रार्थी (23) और बेटे प्रियम चक्रवर्ती (12) के रूप में हुई है।

### विधायकों की एसयूवी ने कार को टक्कर मारी, 6 घायल

**नई दिल्ली।** दिल्ली में रविवार रात तेज रफ्तार एक एसयूवी ने एक स्विफ्ट को टक्कर मार दी। एसयूवी में दो विधायक बैठे हुए थे। घटना में 6 लोग घायल हुए हैं। स्विफ्ट चला रहे आशुतोष पांडे (32) ने बताया कि पीछे से आ रही गाड़ी काफी स्पीड में थी। उसने सड़क का एंगल तोड़ते हुए मेरी कार में टक्कर मारी। एसयूवी में किराड़ी (दिल्ली) के मौजूदा विधायक अनिल झा और कर्नाटक के भाजपा विधायक अभय पाटिल बैठे थे। स्विफ्ट आशुतोष पांडे चला रहे थे, जिसमें उनकी पत्नी और दो बच्चे बैठे थे। पुलिस के मुताबिक हादसा रात करीब 9:30 बजे हुआ। लक्ष्मी नगर से आईटीओ की ओर जा रही कार पहले डिवाइडर से टकराई, फिर रेलिंग पार कर सामने से आ रही इनोवा से भिड़ गई।

### कोलंबो टेस्ट में यशस्वी की श्रीलंकाई गेंदबाज से भिड़ंत

**कोलंबो।** भारत और श्रीलंका के बीच दूसरे टेस्ट के पहले दिन क्रिकेट के रोमांच के बीच मैदान पर ऐसा क्षण भी आया, जिसने मुकाबले से ज्यादा सुर्खियां बटोर लीं। भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के आउट होने के बाद श्रीलंकाई तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो के साथ हुई तीखी नोकझोंक ने खेल के माहौल को अचानक गर्म कर दिया। दोनों खिलाड़ी एक-दूसरे के बेहद करीब आ गए और स्थिति बिगड़ने से पहले साथी खिलाड़ियों को बीच-बचाव करना पड़ा। इस घटना पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर अजय जडेजा ने जायसवाल के रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा कि मैदान पर जुबानी जंग क्रिकेट का हिस्सा हो सकती है, लेकिन खिलाड़ी को शारीरिक संपर्क से बचना चाहिए।

#### टीईटी से जुड़ी शिक्षकों की नौकरी, उज्जैन के शिक्षकों में भी बढ़ी चिंता

## 31 अगस्त 2028 तक परीक्षा पास करना अनिवार्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



**असफल रहने पर अनिवार्य सेवानिवृत्ति का प्रावधान, आवेदन शुरू**

मध्यप्रदेश के सरकारी स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अब महज पदोन्नति या नई नियुक्ति की पात्रता तक सीमित नहीं रह गई है। इसका सीधा असर उज्जैन सहित प्रदेशभर में कार्यरत करीब डेढ़ लाख शिक्षकों की सेवा निरंतरता पर पड़ सकता है। स्कूल शिक्षा विभाग के अनुसार संबंधित शिक्षकों को 31 अगस्त 2028 तक टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। तय समय सीमा में परीक्षा पास नहीं करने वाले शिक्षकों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति दिए जाने का प्रावधान बताया गया है। ऐसे में उज्जैन जिले के उन शिक्षकों में भी परीक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है, जो इस दायरे में आ रहे हैं। यह परीक्षा मुख्य रूप से वर्ष 1998 से 2011 के बीच नियुक्त शिक्षकों के लिए आयोजित की जा रही है। मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल (एमपीईएसबी) द्वारा परीक्षा 12 अक्टूबर से आयोजित की जाएगी। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 21 अगस्त से शुरू हो चुकी है, जबकि अभ्यर्थी 4 सितंबर तक आवेदन कर सकेंगे। आवेदन में त्रुटि सुधारने का अवसर 9 सितंबर तक रहेगा।

#### 150 अंकों की होगी परीक्षा

टीईटी में कुल 150 प्रश्न होंगे और प्रत्येक प्रश्न एक अंक का रहेगा। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को परीक्षा में सफल होने के लिए 50 प्रतिशत अंक, जबकि अन्य वर्गों के अभ्यर्थियों को 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

#### 15 दिन विशेष अवकाश की मांग

परीक्षा की तैयारी के लिए शिक्षक संगठनों ने सरकार से कम से कम 15 दिन का विशेष अवकाश देने की मांग की है। गुरुजी अध्यापक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश पटेल ने कहा कि लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षकों को परीक्षा की तैयारी के लिए पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए। संगठन ने टीईटी का सिलेबस जल्द जारी करने, परीक्षा शुल्क समाप्त करने और ऑनलाइन के स्थान पर ऑफलाइन परीक्षा करा पहचान पत्र और बायोमेट्रिक जरूरी। एमपीईएसबी के कार्यक्रम के अनुसार कियोस्क से आवेदन करने पर 60 रुपए तथा सिटीजन यूजर के माध्यम से आवेदन करने पर 20 रुपए अतिरिक्त पोर्टल शुल्क देना होगा। परीक्षा केंद्र पर मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र अनिवार्य रहेगा। मतदाता पहचान पत्र, पैन कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस या पासपोर्ट में से किसी एक पहचान पत्र का उपयोग किया जा सकेगा। यूआईडीएआई से सत्यापित ई-आधार ही मान्य होगा। केंद्र पर बहुस्तरीय बायोमेट्रिक सत्यापन भी किया जाएगा। परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, डिजिटल घड़ी, लॉग टेबल, नकल पर्ची सहित अन्य प्रतिबंधित सामग्री ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। निर्धारित रिपोर्टिंग समय के बाद पहुंचने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा शुरू होने के बाद समाप्ति तक कक्ष से बाहर जाने की अनुमति भी नहीं होगी। दो साल की समय सीमा और सेवा पर संभावित असर के कारण टीईटी अब प्रदेश के डेढ़ लाख शिक्षकों के लिए गंभीर विषय बन गई है। उज्जैन समेत प्रदेशभर में शिक्षक संगठन परीक्षा की तैयारी के लिए अतिरिक्त समय, स्पष्ट सिलेबस और परीक्षा प्रक्रिया में राहत की मांग उठा रहे हैं।

## मुंबई में गणेश प्रतिमा पर अंडा फेंकने का आरोप, दो पक्षों में झड़प

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

मुंबई के मझगांव में गणेश प्रतिमा लाते समय दो पक्षों के बीच झड़प हो गई। गणपति मंडल के डिप्टी सेक्रेटरी विवेक राणे ने कहा, जब हम गणपति की आगमन यात्रा निकाल रहे थे। पंडाल से करीब 30 से 40 मीटर दूर एक इमारत से यात्रा पर अंडे फेंके गए। यह घटना आपत्तिजनक है। हम जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

घटना के बाद दोनों पक्षों में झड़प हो गई। दोनों गुटों के बीच तनाव बढ़ने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को कंट्रोल करने की कोशिश की जा रही है। महाराष्ट्र में इस साल गणेशोत्सव 14 सितंबर से शुरू होगा। मुंबई में करीब 10,600 सार्वजनिक गणेश मंडल हैं, लेकिन करीब 2,500 मंडलों ने 10 दिन के उत्सव के लिए अनुमति ली है। पूरे महाराष्ट्र में करीब 28 लाख गणेश प्रतिमाएं स्थापित होने का अनुमान है। मुंबई में पंडाल की अनुमति के लिए ऑनलाइन सिंगल-विंडो सिस्टम शुरू किया गया है।

#### महाराष्ट्र के अमरावती में अस्पताल के चाइल्ड यूनिट में आग

## 3 नवजातों की मौत, 39 बच्चे भर्ती थे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अमरावती

महाराष्ट्र के अमरावती जिला महिला अस्पताल के नियोनेटल इंटेंसिव केयर यूनिट में सोमवार सुबह करीब 3:30 बजे आग लग गई। हादसे में 3 नवजातों की मौत हो गई। छह बच्चों को बेहतर इलाज के लिए सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल में शिफ्ट किया गया है।

शुरूआती जानकारी के मुताबिक, अस्पताल की तीसरी मंजिल पर वेंटिलेटर में धमाके के बाद आग लगी। इसके बाद धुआं फैल गया। उस समय एनआईसीयू में 39 नवजातों का इलाज चल रहा था।

आग लगते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों, नर्सों और अस्पताल कर्मचारियों ने तुरंत कई बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। आग लगने की वजह की जांच की जा रही है।

#### दो दिन पहले एमपी में एनआईसीयू में आग से एक बच्चे की मौत हुई थी



दो दिन पहले मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिला अस्पताल के एनआईसीयू में भी ऐसी ही घटना हुई थी। शनिवार देर रात करीब 2 बजे वार्मर मशीन के फिलामेंट से निकली चिंगारी के बाद आग लग गई थी। हादसे में 3 नवजात झुलस गए थे। अस्पताल स्टाफ ने फायर फाइटिंग उपकरणों की मदद से आग बुझाई और तीनों बच्चों को प्राथमिक इलाज दिया। इसके बाद तीनों नवजातों को बेहतर इलाज के लिए जबलपुर रेफर किया गया था। इनमें एक बच्चे की हालत गंभीर थी और उसे सर्जरी की जरूरत थी। छिंदवाड़ा में पीडियाट्रिक सर्जन उपलब्ध नहीं होने के कारण उसे जबलपुर ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इनमें से एक बच्चे का जन्म हादसे से कुछ घंटे पहले ही हुआ था। घटना के बाद अस्पताल प्रशासन ने आग लगने के कारणों की जांच शुरू की।

### कार रेसिंग में हादसे का शिकार हुए एक्टर अजित कुमार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

साउथ फिल्म एक्टर और कार रेसर अजित कुमार यूरोप में एक हाई-स्पीड एंड्योरेंस रेस के दौरान हादसे का शिकार हो गए। रेसिंग के दौरान उनकी कार बेकाबू होकर दूसरी गाड़ी से जा टकराई। हालांकि, इस हादसे में उन्हें कोई गंभीर चोट नहीं आई है और वे पूरी तरह सुरक्षित हैं। फिल्मीबीट की रिपोर्ट के मुताबिक, यह हादसा एशियन ला मैंस सीरीज और मिशेलिन ला मैंस कप के रेसिंग इवेंट के दौरान हुआ। अजित कुमार फिल्मों के साथ-साथ लंबे समय से इंटरनेशनल कार रेसिंग में हिस्सा लेते रहे हैं।

## गिनी में कचरे का पहाड़ धंसा 30 की मौत, 6 लोग घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ गिनी

गिनी की राजधानी कोनाक्री में रविवार तड़के शहर के सबसे बड़े लैंडफिल में कचरे का पहाड़ धंस गया। हादसे में 30 लोगों की मौत हुई है।

लैंडफिल ऐसी जगह होती है, जहां शहर का कचरा इकट्ठा यानी डंप किया जाता है। अधिकारियों ने बताया कि रविवार देर रात करीब 2 बजे शुरू हुई भारी बारिश के बाद कचरे के ऊपर से पानी बहा। इससे लैंडस्लाइड हुई और पास की झोपड़ियां मलबे में दब गईं। हादसे में छह लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं और कई घर तबाह हो गए। मलबे में दबे लोगों को खोजने के लिए सर्च और रेस्क्यू अभियान जारी है।

यह हादसा दार एस सलाम के खुले कचरे के डंप में हुआ, जो कोनाक्री का सबसे बड़ा लैंडफिल है। सैन्य इंजीनियरिंग बटालियन के सफाई अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल बाल्ड मामादो बैलो के मुताबिक, इस जगह को रविवार को बंद किया जाना था। लैंडफिल के आसपास रहने वाले लोगों को जगह खाली करने के नोटिस दिए गए थे। इसके बाद कई लोग इलाका छोड़कर चले गए, लेकिन हादसे के समय कई लोग अब भी वहीं मौजूद थे।

#### स्मृति बोलीं- राहुल महिलाओं के समर्थक हैं तो साबित करें

## 33% महिला आरक्षण लागू होने दें, पूरा वंदे मातरम भी गाएं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



भाजपा महासचिव स्मृति ईरानी ने रविवार को कहा कि अगर राहुल गांधी महिलाओं के समर्थक हैं तो उन्हें पहले महिला आरक्षण लागू करने का समर्थन करना चाहिए। वे 33% आरक्षण लागू कराने और पूरे वंदे मातरम के गायन का समर्थन करके अपनी बात साबित करें। स्मृति ने कहा कि वंदे मातरम के आखिरी 2 पैरा देवी दुर्गा को समर्पित हैं।

स्मृति का यह बयान राहुल गांधी के पुणे में हुए छात्रों की गूंज इवेंट के बाद आया है। जहां राहुल ने लड़कियों से कहा था कि उन्हें पितृसत्ता को खत्म करना चाहिए। राहुल गांधी शनिवार को पुणे में छात्राओं से बात करते हुए मनुस्मृति की मानसिकता पर निशाना साधते हुए कहा था कि इसने महिलाओं को पुरुषों के अधीन रहने मजबूर किया है। स्मृति ने कहा- हिंदू धार्मिक परंपरा में 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता' की भावना निहित है और भगवती, लक्ष्मी तथा सरस्वती जैसी देवियों की पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि देवी दुर्गा को शक्ति के स्वरूप के रूप में पूजा जाता है। मैं आग्रह करती हूं कि कांग्रेस मुख्यालय में वंदे मातरम का पूरा संस्करण गाया जाए, जिसमें देवी दुर्गा का आह्वान करने वाली पंक्तियां भी शामिल हों।

राहुल गांधी छात्रों की गूंज कार्यक्रम में मौजूद थे। यहां करीब 15 हजार छात्राएं थीं। इसी दौरान राहुल ने कहा था कि महिला को जीवन के हर पड़ाव पर पुरुष रिश्तेदारों के अधीन रहना पड़ता है।

### नागपुर में क्लोरीन गैस लीक, 40 लोग अस्पताल में भर्ती

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नागपुर

महाराष्ट्र के नागपुर के गोधनी इलाके में महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण के वाटर प्यूरिफिकेशन प्लांट में रात करीब 12:45 बजे क्लोरीन गैस लीक होने की सूचना मिली। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। गैस रिसाव के बाद आसपास के लोगों को घर खाली कराकर सुरक्षित स्थान पर भेजा गया और प्लांट के 200 मीटर के दायरे को नो-मैन जोन बनाकर बैरिकेडिंग की गई। पुलिस के मुताबिक, एनडीआरएफ और नगर निगम की फायर ब्रिगेड ने संयुक्त ऑपरेशन चलाकर गैस रिसाव को नियंत्रित किया। फिलहाल करीब 90% रिसाव रोक दिया गया है। 40 लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है, जबकि 12 लोगों को इलाज के बाद छुट्टी मिल चुकी है।

## चंडीगढ़ में बस स्टैंड के पास मिला आईईडी

### बैग में टिफिन के अंदर रखा था, 3 लोग गिरफ्तार, पुलिस ने इलाका सील किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ चंडीगढ़

चंडीगढ़ के सेक्टर-43 बस स्टैंड के पीछे जंगल से एक बैग में टिफिन के अंदर से आईईडी बरामद हुआ है। पुलिस ने मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। राहत की बात यह है कि बरामद विस्फोटक एक्टिव नहीं था।

मामले की जांच सेक्टर-36 थाने की पुलिस कर रही है। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर भी दर्ज कर ली है। फिलहाल पुलिस अधिकारी इस मामले में कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। जिस जगह से आईईडी बरामद हुआ है, वह काफी महत्वपूर्ण इलाका है। यहां सेक्टर-43 बस स्टैंड, जिला अदालत और रिहायशी क्षेत्र भी मौजूद हैं।

इससे पहले चंडीगढ़ पुलिस ने 11 अगस्त को दीपक नंदल गैंग से जुड़े जींद के तीन युवकों को गिरफ्तार किया था। इन आरोपियों में अजय (19), रोहित (18) और देव (18) थे। पुलिस ने इनके कब्जे से जिगाना पिस्तौल समेत तीन विदेशी पिस्तौल, दो मैगजीन और 19 जिंदा कारतूस बरामद किए। पुलिस के मुताबिक यह हथियार पाकिस्तान के ड्रोन के जिरए तरनतारन आए थे। फिर वहां से यहां सप्लाई लेकर आए थे। सेक्टर-51 में संदिग्ध बैग से टिफिन बॉक्स जैसा आईईडी, डेटोनेटर, कॉर्डटेक्स वायर, कीलें और खालिस्तान एक्टिविस्ट फोर्स से जुड़ा पर्चा बरामद हुआ था। बाद में एनएसजी ने इसे निष्क्रिय किया और जांच एनआईए को सौंपी गई।

#### जबलपुर की महिला आरक्षक ने रचा नया इतिहास

## माउंट एल्ब्रुस की चोटी पर लहराया तिरंगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर



#### मौसम की स्थिति में सुधार हुआ तो टीम ने अंतिम चढ़ाई शुरू की

20 और 21 अगस्त को मौसम की स्थिति में सुधार हुआ तो टीम ने अंतिम चढ़ाई शुरू की। जमा देने वाली ठंड और तेज हवाओं के बीच पर्वतारोहियों ने शिखर की ओर बढ़ना जारी रखा। इन्हीं कठिन परिस्थितियों में वर्षा ने भी अपनी कोशिश जारी रखी और आखिरकार 21 अगस्त की सुबह माउंट एल्ब्रुस के शिखर पर पहुंचने में कामयाब रहीं। वहां उन्होंने भारतीय तिरंगा और मध्य प्रदेश पुलिस का ध्वज फहराया। यह क्षण उनके लिए व्यक्तिगत उपलब्धि के साथ देश और पुलिस विभाग के लिए भी गौरव का विषय रहा।

मध्य प्रदेश पुलिस की महिला आरक्षक वर्षा पटेल ने पुलिस सेवा की जिम्मेदारियों के साथ अपने साहस और पर्वतारोहण के जुनून का ऐसा उदाहरण पेश किया है, जिसने जबलपुर को गौरवान्वित किया है। वर्षा ने यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रुस पर सफलतापूर्वक पहुंचकर तिरंगा और मध्य प्रदेश पुलिस का ध्वज फहराया। उन्होंने 21 अगस्त 2026 को सुबह 9 बजकर 7 मिनट पर करीब 18,510 फीट की ऊंचाई पर स्थित शिखर पर कदम रखा। इस उपलब्धि के साथ वर्षा ने पर्वतारोहण के क्षेत्र में अपनी पहचान मजबूत करने के साथ ही देश और प्रदेश की महिला पुलिसकर्मियों के लिए भी एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

जबलपुर के गढ़ा क्षेत्र में रहने वाली वर्षा पटेल पुलिस सेवा के साथ खेल और पर्वतारोहण में भी सक्रिय रही हैं। वह गौरीशंकर पटेल की बेटी हैं। बचपन से ही खेलों में रुचि रखने वाली वर्षा ने पहले राष्ट्रीय स्तर पर बेसबॉल में अपनी प्रतिभा दिखाई। राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उन्होंने 10 से अधिक पदक अपने नाम किए। खेल के मैदान से शुरू हुआ उनका यह सफर धीरे-धीरे पहाड़ों की ऊंचाइयों तक पहुंच गया और अब माउंट एल्ब्रुस की चढ़ाई उनकी उपलब्धियों में एक और महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ चुकी है। वर्षा की माउंट एल्ब्रुस यात्रा आसान नहीं थी। अभियान की शुरूआत 11 अगस्त से हुई थी। रूस में स्थित इस पर्वत पर चढ़ाई के दौरान टीम को तेज हवाओं, कड़ाके की ठंड और खराब मौसम का सामना करना पड़ा। ऊंचाई बढ़ने के साथ मौसम की कठिनाइयां भी बढ़ती गईं। अंतिम चरण में मौसम अनुकूल नहीं होने के कारण शिखर तक पहुंचने का प्रयास कई दिनों के लिए टालना पड़ा। पर्वतारोहियों के लिए इस तरह की परिस्थितियां शारीरिक क्षमता के साथ मानसिक दृढ़ता की भी परीक्षा लेती हैं।



## खबर एक नजर...

### श्री गजानन महाराज मंदिर में आज से शुरू होगी मराठी श्रीमद् भागवत कथा

**उज्जैन।** श्री भागवत धर्म सेवा न्यास द्वारा अशोक विहार कॉलोनी स्थित श्री गजानन महाराज मंदिर में रविवार से सात दिवसीय मराठी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का वाचन पुणे (महाराष्ट्र) से आए हर्षदबुवा जोगलेकर करेंगे, जबकि उज्जैन के संदीप शर्मा द्वारा संस्कृत संहिता वाचन किया जाएगा। कथा प्रतिदिन शाम 5 बजे से आयोजित की जाएगी। आयोजन के तहत 29 अगस्त को सुबह 7:30 बजे से श्रीविष्णु सहस्त्रनाम यज्ञ होगा। संस्था के अध्यक्ष डॉ. मुकुंद गोखले और सचिव हर्षवर्धन गोरे ने बताया कि 30 अगस्त (रविवार) को सुबह 10 बजे कथा की पूर्णाहुति होगी। इसके बाद दोपहर 12 बजे पालकी शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसके पश्चात महाप्रसाद का वितरण होगा। संस्था ने नागरिकों से कथा में उपस्थित होकर लाभ लेने का आग्रह किया है।

### अग्रवाल विकास समिति के पारिवारिक मिलन समारोह में मनाया हरियाली महोत्सव

**उज्जैन।** श्रावण मास के उपलक्ष्य में उज्जैन अग्रवाल विकास समिति का पारिवारिक मिलन समारोह 'हरियाली महोत्सव' के रूप में चिंतामन गणेश स्थित गोविंद वाटिका में संपन्न हुआ। इसमें बड़ी संख्या में समाजजनों ने सपरिवार भाग लिया और कार्यक्रम के अंत में सुस्वादु परंपरागत मालवी भोजन का आनंद लिया। समिति के अध्यक्ष सुनील बी. अग्रवाल और सचिव पंकज अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में सर्वप्रथम आने वाले 10 कपल को विशेष पुरस्कार दिए गए। सांस्कृतिक सचिव अभिषेक बंसल ने बताया कि सभी सदस्यों के लिए मनोरंजक गेम्स, अनूठे अंदाज में तंबोला और रोचक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, जिसका समाजजनों ने भरपूर आनंद उठाया। इन प्रतियोगिताओं के तहत पंक्चुअलिटी गेम में शिवकुमार बंसल और मुकेश गर्ग, कपल गेम में वीरेंद्र कुमार गोयल, दीपक अग्रवाल और भूषण अग्रवाल तथा बच्चों के गेम्स में रेयांश अग्रवाल और नाओमी अग्रवाल विजेता रहे।

### चार दशकों की व्यावसायिक यात्रा और व्यापारी संगठन के लिए हर्ष जैन का सम्मान

**उज्जैन।** शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी एवं अभिषेक एन एक्स के संचालक हर्ष जैन ने फर्नीचर व्यवसाय के क्षेत्र में अपने 40 वर्षों के गौरवपूर्ण व्यावसायिक सफर में गुणवत्ता, विश्वसनीयता और ग्राहक सेवा को अपनी पहचान बनाया है। गुणवत्तापूर्ण फर्नीचर के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए विभिन्न संस्थाओं द्वारा उन्हें समय-समय पर सम्मानित किया गया है। उज्जैन प्रेस क्लब द्वारा भी उनके कार्य एवं योगदान के लिए सम्मान प्रदान किया गया। व्यावसायिक क्षेत्र के साथ-साथ हर्ष जैन ने व्यापारियों को एकजुट करने और उनके हितों के लिए संगठनात्मक प्रयासों को भी आगे बढ़ाया। उन्होंने व्यापारी संगठन की कल्पना को मूर्त रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा कमला नेहरू मार्ग व्यापारी संघ के अध्यक्ष के रूप में संगठन का संचालन करते हुए व्यापारियों की समस्याओं एवं हितों को प्रमुखता से उठाया। इस अवसर पर सम्माननीय अध्यक्ष गोविंद यादव (बबलू भैया) द्वारा हर्ष जैन का सम्मान किया गया। सम्मान प्राप्त करने के पश्चात हर्ष जैन ने कपिल राठौर, अनिल राठौर, राहुल उपाध्याय सहित उपस्थित सभी सम्मानीय सदस्यों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने उज्जैन में पहली बार लगी ब्यूटी मास्टर क्लास

**उज्जैन।** महिलाओं को ब्यूटी एवं मेकअप के क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों से परिचित कराकर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से शहर में पहली बार एक दिवसीय ब्यूटी मास्टर क्लास का आयोजन किया गया। ज्योति फाउंडेशन के तत्वावधान में शनिवार को भरतपुरी स्थित मध्य प्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस रिसर्च में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें उज्जैन के साथ-साथ इंदौर, भोपाल, बड़नगर, देवास और खाचरौद की महिला प्रशिक्षकों व प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को ब्यूटी इंडस्ट्री की नई तकनीकों, आधुनिक स्टाइलिंग और व्यावसायिक कौशल से अवगत कराना था। ज्योति फाउंडेशन की ज्योति जैन ने बताया कि इस आयोजन का मकसद महिलाओं को कम शुल्क में अनुभवी आर्टिस्ट से सीधे सीखने का अवसर उपलब्ध कराना है। फाउंडेशन का लक्ष्य आर्थिक लाभ कमाना नहीं, बल्कि कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि सही प्रशिक्षण मिलने पर महिलाएं घर से भी अपना कार्य शुरू कर सकती हैं और व्यवसाय को बढ़ाकर अन्य महिलाओं के लिए भी रोजगार के अवसर तैयार कर सकती हैं।

### कैलाश मानसरोवर की मुक्ति के लिए भारत तिब्बत समन्वय संघ ने लिया संकल्प

**उज्जैन।** चीन के कब्जे से कैलाश मानसरोवर को मुक्त करवाने को लेकर भारत तिब्बत समन्वय संघ द्वारा शिव मंदिरों में महासंकल्प अभियान के अंतर्गत संकल्प लिया जा रहा है। इसी क्रम में ढाबा रोड स्थित वीरेश्वर महादेव मंदिर में संघ की उज्जैन जिला इकाई द्वारा संकल्प लिया गया।

# ई-अटेंडेंस के विरोध में कृषि विस्तार अधिकारियों का भोपाल में धरना

## मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन, उज्जैन से भी शामिल हुए पदाधिकारी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



मध्य प्रदेश कृषि विस्तार अधिकारी संघ के आह्वान पर प्रदेशभर के कृषि विस्तार अधिकारियों ने ई-अटेंडेंस की अनिवार्यता के विरोध में भोपाल के अंबेडकर पार्क में एक दिवसीय धरना दिया। अपनी वर्षों से लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे अधिकारियों ने मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर शीघ्र निराकरण की मांग की। इस प्रदर्शन में उज्जैन जिलाध्यक्ष अंकुश गुप्ता सहित जिले और प्रदेशभर के कई पदाधिकारी शामिल हुए।

संघ के संरक्षक और मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के संगठन मंत्री मनोहर गिरी ने बताया कि कृषि विस्तार अधिकारियों का अधिकांश समय किसानों के खेतों और गांवों में बीतता है। ऐसे में उन्हें सुबह 10 से शाम 6 बजे तक मुख्यालय पर ई-अटेंडेंस के लिए बाध्य करना अव्यावहारिक है। ग्रामीण क्षेत्रों में पदस्थ अधिकारियों, विशेषकर महिला कर्मचारियों के लिए पर्याप्त आवास और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं का भारी अभाव है। ऐसे में पूरे दिन मुख्यालय पर रहने की अनिवार्यता मुश्किलें बढ़ाने वाली है। संघ ने ई-एचआरएमएस प्रणाली में ई-अटेंडेंस समाप्त कर पूर्व की तरह दौरा डायरी व्यवस्था लागू करने की मांग की है।

कृषि विस्तार अधिकारियों की प्रमुख मांगों में 2400 के स्थान पर 2800 ग्रेड पे देने, अतिरिक्त प्रभार वाले केंद्रों का भत्ता 500 रुपए से बढ़ाकर 5000 रुपए प्रतिमाह करने और पटवारियों के समान 4000 रुपए प्रतिमाह एग्री स्टैक भत्ता देने की मांग शामिल है।

### कर्मचारी संगठनों ने दिया समर्थन

धरना प्रदर्शन में भारतीय मजदूर संघ और मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने भी पहुंचकर समर्थन दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री कुलदीप गुर्जर उपस्थित रहे। संघ के प्रांताध्यक्ष मोहन डामोर ने कहा कि यदि शासन कर्मचारियों की व्यावहारिक समस्याओं और मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेता है तो अधिकारियों का मनोबल बढ़ेगा और वे किसानों के हित में अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकेंगे।

## उज्जैन के दाऊदी बोहरा समाज ने मिलाद-उन-नबी पर पैगंबर मोहम्मद (स.अ.व.) की शिक्षाओं और विरासत को किया याद

# जुलूस में गूंजा देशभक्ति और स्वच्छता का संदेश, युवाओं ने मार्ग पर चलाया सफाई अभियान

### दाऊदी बोहरा समाज ने अकीदत के साथ मनाया मिलाद-उन-नबी





ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

दाऊदी बोहरा समाज ने रविवार को पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिवस मिलाद-उन-नबी को अकीदत और उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर शहर में भव्य चल समारोह निकाला गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आए समाजजनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जुलूस में पारंपरिक बैंड के साथ शामिल स्कूली छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति, स्वच्छता, जल व अन्न की बबार्दी रोकने तथा शांति और सद्भाव का संदेश दिया। जुलूस के दौरान समाज के युवाओं ने नागरिक कर्तव्य की मिसाल पेश करते हुए पूरे मार्ग पर कचरा एकत्र कर सफाई अभियान भी चलाया, जिसकी शहरवासियों ने सराहना की।

चल समारोह कमरी मार्ग स्थित नजमी मजार से शुरू हुआ, जो शहर के प्रमुख मार्गों गोपाल मंदिर, छतरी चौक, मिर्जा नईम मार्ग, तेलीवाड़ा, निकास और कंठाल काले दे गेट होते हुए वापस कमरी मार्ग मजार कंपाउंड पहुंचकर संपन्न हुआ। पूरे मार्ग में विभिन्न शासकीय प्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों और स्थानीय नागरिकों ने मंच लगाकर जुलूस का स्वागत किया।

समाज समन्वयक अलीअसगर मोय्यदी ने बताया कि पैगंबर मोहम्मद साहब का जीवन और उनकी शिक्षाएं करुणा, न्याय और इंसानियत के मूल्यों पर आधारित हैं। यह शिक्षाएं हमें दैनिक जीवन में अमल करने और समाज के प्रति सकारात्मक योगदान देकर एक जागरूक नागरिक बनने की प्रेरणा देती हैं। समारोह में शामिल होकर समाजजनों को शुभकामनाएं देने वालों में प्रमुख रूप से सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, विधायक महेश परमार, मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड अध्यक्ष सनवर पटेल, कांग्रेस नगर प्रतिनिधि मुकेश भाटी, पार्षद रवि राय, भाजपा नेता जगदीश पांचाल और पार्षद मुजीब सुपारीवाला उपस्थित रहे।

### कावड़ और रामदेव यात्रियों के लिए आरोग्य भारती ने लगाया स्वास्थ्य शिविर



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

आरोग्य भारती मालवा प्रांत की उज्जैन टोली द्वारा रविवार को इंदौर रोड स्थित स्टैनफोर्ड स्कूल के सामने स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। श्रावण मास में बाबा महाकाल के दर्शनार्थ आने वाले कावड़ यात्रियों और रुणीजा धाम (बाबा रामदेव यात्रा) जाने वाले पदयात्रियों को चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि के पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मालवा प्रांत के सह सचिव डॉ. दिवाकर पटेल के विशेष सहयोग से आयोजित इस शिविर में श्रद्धालुओं के ब्लड प्रेशर, शुगर और मलेरिया की जांच की गई। नंगे पैर चलने के कारण चोटिल हुए यात्रियों के पैरों की ड्रेसिंग कर उन्हें आवश्यक दवाइयां दी गईं। शिविर में वन औषधि प्रमुख डॉ. दीपक जोशी, मनीष अग्रवाल, यतीश जाट, आरोग्य भारती ग्रामीण के कमल जैन, कार्यक्रम संयोजक डॉ. मिथिलेश शर्मा और आरोग्य भारती ग्रामीण जिला अध्यक्ष डॉ. एसपी अहिरवार सहित टोली के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# पुत्रदा एकादशी पर निकली श्री स्वर्ण गिरिराज की पांच कोसी परिक्रमा



### चार गांवों से गुजरी यात्रा, देश भर से शामिल हुए हजारों श्रद्धालु

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शुक्ल पक्ष की पुत्रदा एकादशी के अवसर पर ग्राम चरणमया स्थित स्वर्णगिरी धाम से श्री स्वर्णगिरिराज की पांच कोसी परिक्रमा का भव्य आयोजन किया गया। अखिल भारतीय संत समिति के अध्यक्ष एवं श्री राम मंत्र साधना पीठ उज्जैन के महंत विशाल दास के सानिध्य में निकली इस परिक्रमा में हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। परिक्रमा में मध्य प्रदेश के अलावा जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, दिल्ली और उत्तर प्रदेश से भी भक्त शामिल हुए।

आयोजन की शुरूआत सुबह 6 बजे श्री स्वर्णगिरिराज के अभिषेक और विशेष श्रृंगार के साथ हुई। ध्वजारोहण और महाआरती के पश्चात महंत विशाल दास ने आशीर्वचन दिए। सुबह करीब 10:30 बजे हाथों में ध्वज लिए श्रद्धालुओं ने शंख ध्वनि और जयकारों के साथ स्वर्णगिरी धाम से परिक्रमा प्रारंभ की। यह यात्रा वीर हनुमान मंदिर आक्याधागा, श्री राम बालाजी धाम महू और श्री कृष्ण सुदामा धाम नारायणा होते हुए पुनः स्वर्णगिरी धाम पहुंचकर संपन्न हुई।

डॉ. दुर्गा शंकर पांचाल ने बताया कि परिक्रमा मार्ग के चारों गांवों में संत और श्रद्धालुओं का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। हजारों भक्त कीर्तन करते हुए झूमते-नाचते चल रहे थे। इस बार अभिषेक, ध्वजारोहण और भंडारे का लाभ ग्राम ठिकरिया के अंबाराम आंजना ने लिया। सम्पूर्ण आयोजन के दौरान सुचारू व्यवस्थाओं में पुलिस प्रशासन का सहयोग सराहनीय रहा।

## फ्रीगंज व्यापारी महासंघ ने लॉन्च की डिजिटल वेबसाइट और क्यूआर कोड

# साधारण सभा में 60 साल से अधिक समय से व्यापार कर रहे वरिष्ठों और महिला उद्यमियों का हुआ सम्मान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



विक्रमादित्य फ्रीगंज व्यापारी महासंघ की साधारण सभा और सम्मान समारोह रविवार को दशहरा मैदान स्थित आस्था गार्डन में संपन्न हुआ। महासंघ अध्यक्ष गोविंद यादव की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आगामी त्योहारों के मद्देनजर व्यापारिक क्षेत्र को आधुनिक, व्यवस्थित और प्रगतिशील बनाना तथा व्यापारियों को एकजुट करना था।

कार्यक्रम के दौरान महासंघ की डिजिटल वेबसाइट की प्री-लॉन्चिंग की गई, जिससे अधिक से अधिक व्यापारियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ा जा सके। महासंघ ने डिजिटल स्कैनर और क्यूआर कोड व्यवस्था भी तैयार की है। इससे ग्राहकों को फ्रीगंज में अपनी आवश्यकता के अनुसार मनपसंद दुकान खोजने में आसानी होगी। इस अवसर पर व्यापारियों को नई डिजिटल नेम प्लेट भी वितरित की गईं, जिन पर उपलब्ध स्कैनर के जरिए प्रतिष्ठान की जानकारी प्राप्त की जा सकेगी।

समारोह में अध्यक्ष गोविंद यादव, कोषाध्यक्ष राजकुमार परसवानी और सचिव अनिल राठौड़ की उपस्थिति में पिछले 60 से 70 वर्षों से फ्रीगंज क्षेत्र में व्यापार कर रहे वरिष्ठ व्यापारियों का विशेष सम्मान किया गया। इनमें डॉ. सुशील गुप्ता, सीताराम गुप्ता, हर्ष जैन, चिंतामन गेहलोत, भगवानदास गिरी, गोपाल वाधवानी, मंजू राठौर, शशिकांत अग्रवाल, महेश कुमार मूंदड़ा, मांगीलाल बाहेती, अंबालाल पटेल, रेखा लालवानी और सुरेश राठौर शामिल हैं। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए सक्रिय महिला व्यापारियों और क्षेत्र के पार्षदों व उनके प्रतिनिधियों का भी सम्मान किया गया। इनमें पार्षद अनिल गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि कुशाल गुप्ता, पार्षद नीलम कालरा और पार्षद प्रतिनिधि राजा कालरा शामिल रहे।

महासंघ के मीडिया प्रभारी मनीष सोनी ने बताया कि कार्यक्रम में हेमंत गुप्ता, संजय सोनी, अभिषेक गोयल, कपिल राठौर, विष्णु गोयल, नरेश परिहार, यशवंत पटेल, राकेश नेमा, योगेश राठौर, कृष्णकांत गिरी, महेंद्र सेन, तरुण मलिक, नीरज खंडेलवाल, कैलाशचंद माहेश्वरी, मोहन भाटिया, मनोज शर्मा, अनूप चौहान और चेतन अजय सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन सचिव अनिल राठौड़ ने किया।

## 27 सितंबर को बेटी दिवस पर होगा सनातन गौरव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह

# तैयारियों को लेकर फ्रीगंज में बैठक संपन्न, मिलेगा सम्मान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



सर्व श्री सनातन धर्म संस्कार जन कल्याण समिति द्वारा 27 सितंबर को बेटी दिवस के अवसर पर 'सनातन गौरव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 2026' का आयोजन किया जाएगा। आयोजन की रूपरेखा और व्यवस्थाओं को लेकर रविवार को फ्रीगंज स्थित इंडियन कॉफी हाउस में पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।

समिति के प्रदेश अध्यक्ष पं. मनोज रावत ने बताया कि समारोह का मुख्य उद्देश्य समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं, बेटियों, महिलाओं और समाजसेवियों को प्रोत्साहित कर उनके योगदान का सम्मान करना है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समाज, संस्कृति, शिक्षा और सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर प्रेरणास्रोत बनने वाली प्रतिभाओं को समारोह में सम्मानित किया जाएगा। आयोजन को भव्य और गरिमामय बनाने के लिए समिति सदस्यों को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

### समारोह में प्रदान किए जाएंगे यह प्रमुख सम्मान

समारोह में प्रमुख रूप से सनातन गौरव रत्न सम्मान, नारी शक्ति गौरव रत्न सम्मान, बेटी गौरव रत्न सम्मान, ज्योतिष आचार्य रत्न सम्मान, योग आचार्य रत्न सम्मान, वास्तु शास्त्र रत्न सम्मान, विधि प्रकोष्ठ रत्न सम्मान, समाज सेवा रत्न सम्मान, राजनीतिक क्षेत्र उत्कृष्ट सम्मान तथा संगीत, नृत्य एवं कला रत्न सम्मान प्रदान किए जाएंगे। इनके अलावा अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अन्य समाजसेवियों और प्रतिभाओं का भी चयन कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

### बैठक में यह रहे उपस्थित

बैठक में अभिजीत जोशी, महेंद्र व्यास, प्रेम नारायण उपाध्याय, नवीन सोगानी, नितिन शर्मा, डॉ. श्रवण शर्मा, मनोज शर्मा, योगेश शुक्ला, बालकृष्ण शर्मा, दर्पण खंडेलवाल, रितिक सोनगरा, राहुल शुक्ला, रवि चौधरी, मोनू जैन और राधा राठौर सहित बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एलिवेटेड कॉरिडोर के विरोध में व्यापारियों के बाद यूथ कांग्रेस ने भी उठाए सवाल

**उज्जैन।** शहर के पहले एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण को लेकर विरोध शुरू हो गया है। मकोड़िया आम से इंदौरगेट की ओर प्रस्तावित इस कॉरिडोर को लेकर विशेषकर इंदौरगेट-देवासगेट क्षेत्र के व्यापारियों और रहवासियों में भारी आक्रोश है। अब इस मुद्दे पर यूथ कांग्रेस ने भी मोर्चा खोल दिया है। यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष अर्पित यादव ने मुख्यमंत्री और कलेक्टर से ब्रिज का काम रोकने की मांग करते हुए कहा है कि उज्जैन एक छोटा शहर है और यहां एलिवेटेड ब्रिज की कोई आवश्यकता नहीं है। परियोजना का प्रारंभिक काम और बैरिकेडिंग शुरू होने से व्यापारियों की चिंताएं बढ़ गई हैं। घनी आबादी वाले इस बाजार में निर्माण होने से दुकानों तक पहुंच, पार्किंग और कारोबार पूरी तरह प्रभावित होने की आशंका है। व्यापारियों का तर्क है कि वे पूर्व में भी सड़क विकास के लिए अपनी जमीन दे चुके हैं। उनकी मांग है कि रेलवे लाइन के आसपास उपलब्ध खाली जमीन का उपयोग कर वैकल्पिक मार्ग बनाया जाए।

# 25 को निकलेगी विशाल कलश यात्रा, 5 हजार महिलाओं को जोड़ने का लक्ष्य

### पवांसा में शिव महापुराण कथा का आज होगा विश्राम, रविवार को बताया शिव-पार्वती व्रत का महत्व

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मक्सी रोड पवांसा स्थित श्रीराम विजय वाटिका में शंखनाद समिति द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का सोमवार 24 अगस्त को विश्राम होगा। ज्योतिषाचार्य अजय शंकर तिवारी द्वारा प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक कथा का वाचन किया जा रहा है। कथा के दौरान रविवार को शिव-पार्वती व्रत के महत्व का विस्तार से वर्णन किया गया।

समिति के संयोजक आनंद खींची, अध्यक्ष संजय पवार और कोषाध्यक्ष लोकेन्द्र सिंह गोंड ने बताया कि कथा विश्राम के अगले दिन 25 अगस्त को पवांसा, पांड्याखेड़ी, नीमनवासा और शंकरपुर क्षेत्र की संयुक्त विशाल कलश व शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा में पांच हजार से अधिक महिलाओं को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

आयोजन में संयोजक आनंद खींची, अध्यक्ष संजय पवार, कोषाध्यक्ष लोकेंद्र गोंड, भागीरथ सिंह गोंड, अनूप सिंह अटल, संतोष सिंह गोंड, अंतर सिंह अटल, विजय सिंह अटल, दीप सिंह अटल, समन्दर सिंह अटल, अनिल सिंह गोंड, इन्द्रमणि राजपूत, बंशीलाल भाटी, हरीश सोलंकी, रमेश गुर्जर, तूफान मालवीय, राजेश सिंह, लक्ष्मण सिंह चंदेल, जीवन लाल रायकवार, लक्की दरबार, संदीप रायकवार, भावेश वर्मा, मुन्ना रायकवार, परमानंद प्रजापत, लखन भरवाबत, खन्ना बंजारा, प्रकाश वर्मा, अजय दरबार, मधु यादव, धर्मेंद्र खटीक, केशवेंदर चौहान, लता मालवीय डाला, राजश्री चौहान, जया गुर्जर, फूला बाई, पूजा भराबत सहित समस्त संस्था शंखनाद के सदस्य तथा क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

उज्जैन
सोमवार
24
अगस्त, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

विद्या मित्रं प्रवासेषु भार्या मित्रं गृहेषु च।
रुग्णस्य चौषधं मित्रं धर्मो मित्रं मृतस्य च।।

**अर्थ:** प्रदेश में शिक्षा आपकी सबसे बड़ी दोस्त है, घर में आपकी धर्मपत्नी आप की सबसे बड़ी दोस्त हैं और और मरीजों के लिए दवा आपकी सबसे अच्छी दोस्त है और मृत्यु के बाद केवल धर्म ही आपका दोस्त है।

## खबर एक नजर...

### बाइक सवार परिवार को बोलेरो ने कुचला, 3 की मौत

**धार।** मध्यप्रदेश के धार में तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक ही परिवार के तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इनमें 32 वर्षीय अंतर सिंह, उनका 4 वर्षीय बेटा अशोक और काका ससुर भूरा सिंह शामिल हैं। हादसा मागोद-अमझेरा-मनावर हाईवे पर रविवार दोपहर को हुआ। इसमें अंतर सिंह की 12 वर्षीय बेटी रेशम गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे गंधवानी अस्पताल से धार जिला अस्पताल रेफर किया गया है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है और वह बेहोशी की हालत में उपचाररत है। अंतर सिंह अपनी बेटी रेशम, 4 वर्षीय बेटे अशोक और काका ससुर भूरा सिंह के साथ बाइक से गांव केशवी लौट रहे थे। वे अपनी बहन के घर त्योहार का सामान देने गए थे। सामान देकर घर लौटते समय बोलेरो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

### इंदौर में 35 से ज्यादा केस का लिस्टेड गुंडा गिरफ्तार

**इंदौर।** राधिका कुंज में खाली प्लॉटों पर अवैध कब्जा कर दुकानें और टीन शेड बनाने, प्लॉट मालिकों से पैसे मांगने और धमकाने के मामले में क्राइम ब्रांच ने लिस्टेड गुंडे मुख्तियार खान को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर अवैध कब्जे, रंगदारी और मारपीट समेत 35 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। मुख्तियार पर साल 2018 में एक नाबालिग को बंधक बनाकर बेरहमी से पीटने और टॉयलेट सीट चटवाने का भी आरोप लगा था। उस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई की थी। आरोपी को रविवार को गिफ्तार किया गया है। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि मुख्तियार खान एलआईजी क्षेत्र का निवासी है। उसने राधिका कुंज कॉलोनी के खाली प्लॉटों पर कथित तौर पर कब्जा कर वहां टीन शेड और दुकानें बना ली थीं। इनका व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा था। प्लॉट मालिकों ने जब अपनी जमीन खाली करने के लिए कहा तो आरोपी ने कथित तौर पर उनसे बड़ी रकम की मांग की। पैसे नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। इसी मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। क्राइम ब्रांच उसकी तलाश कर रही थी। रविवार को टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

### साधु के वेश में आए ठग ने चेन उड़ाई, लिफ्ट देने वाले युवक को झांसे में लिया

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक युवक को साधु के वेश में आए ठग को स्कूटी पर लिफ्ट देना भारी पड़ गया। आरोपी ने भभूति लगाने का झांसा देकर युवक की मुट्ठी बंद करवाई और उसके गले से सोने की चेन ले गया। पीड़ित की शिकायत पर लसूड़िया पुलिस ने आरोपी के फुटेज निकालकर उसकी तलाश शुरू कर दी है। क्लासिक टाउनशिप निवासी 29 वर्षीय आदित्य जैन ई-कॉमर्स का काम करते हैं। शनिवार को वे स्कूटी से घर लौट रहे थे। सिक्का स्कूल के पास सड़क किनारे खड़े एक साधु ने हाथ देकर उन्हें रोका और आगे तक छोड़ने के लिए कहा। आदित्य ने दया दिखाते हुए उसे स्कूटी पर बैठा लिया। स्कीम नंबर 136 में जंगल कैफे के पास साधु स्कूटी से उतर गया और आदित्य को बातों में उलझा लिया। उसने आदित्य के हाथ में भभूति दी और माथे पर लगाने को कहा। इसके बाद आरोपी ने आदित्य के गले से पुरानी सोने की चेन उतरवा ली। उसने चेन पर भभूति डालने का नाटक किया और आदित्य की मुट्ठी बंद कराकर उसे जेब में रखने को कहा। आरोपी ने आदित्य से कहा कि वह थोड़ा आगे जाकर वापस आए। युवक जब आगे गया और जेब चेक की तो चेन गायब थी। पीछे लौटकर देखा तो आरोपी मौके से फरार हो चुका था। काफी तलाश के बाद भी आरोपी का सुराग नहीं मिला। इसके बाद आदित्य ने अपने दोस्त को जानकारी दी और थाने पहुंचकर शिकायत की। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है।

### 55 लाख की शराब तस्करी में दो और गिरफ्तार

**इंदौर।** कनाड़िया इलाके में 22 जुलाई को वाहन को टक्कर मारने के बाद पुलिस के हाथ लगे कंटेनर से करीब 55 लाख रुपए की अवैध शराब बरामद हुई थी। पुलिस ने मामले में कंटेनर सवार पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपियों ने शराब की तस्करी में कमीशन पर काम करने वाले दो लोगों के नाम बताए। कनाड़िया पुलिस ने शनिवार को हनी पुत्र हरभजन टूटेजा निवासी अमितेश नगर और मोनू उर्फ कृष्णा निवासी रठेर, मुरैना को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। दोनों को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस के मुताबिक, दोनों आरोपी कमीशन लेकर ग्वालियर और शिवपुरी से इंदौर के रास्ते अलीराजपुर तक शराब पहुंचवाते थे। पूछताछ में उन्होंने दो शराब ठेकेदारों के नाम भी बताए हैं। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है। 22 जुलाई को कनाड़िया इलाके में शराब से भरे कंटेनर ने बायपास पर एक गाड़ी को टक्कर मार दी थी। बीट के जवान मौके पर पहुंचे तो कंटेनर में बड़ी मात्रा में शराब मिली। सूचना पर अधिकारियों ने जांच शुरू की। कंटेनर में बैठे आकाश अहिरवार, राहुल नामदेव, विजय वैष्णव, दीपाश सोनने और नीतेश प्रजापति से शराब की बिल्टी मांगी गई। उन्होंने बताया कि शराब ग्वालियर से लाई गई थी और इसे अलीराजपुर भेजा जा रहा था।

---

तालकटोरा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के टेंडर के लिए सौंपे दस्तावेजों से हथिया लिया आईडीए का ठेका

# इंदौर में इंटरनेशनल स्विमिंग कोच के साथ धोखा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर डेवलपमेंट अथॉरिटी के स्विमिंग पूल संचालन के टेंडर में दिल्ली के रिटायर्ड इंटरनेशनल स्विमिंग कोच मुकुंद मोहन शर्मा के शैक्षणिक और पेशेवर दस्तावेजों के दुरुपयोग का मामला सामने आया है।

कोच का आरोप है कि उन्होंने ये दस्तावेज फरवरी 2023 में दिल्ली के तालकटोरा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के टेंडर के लिए देवा स्विमिंग इंस्टीट्यूट को दिए थे। बाद में उनकी अनुमति के बिना उन्हीं दस्तावेजों का इस्तेमाल इंदौर में आईडीए का स्विमिंग पूल संचालन हासिल करने के लिए कर लिया गया।

उन्होंने इंदौर आकर पुलिस कमिश्नर से शिकायत की है। अब क्राइम ब्रांच मामले में जल्द एफआईआर दर्ज की तैयारी कर रही है। शर्मा ने संबंधित टेंडर निरस्त करने, संस्था को ब्लैकलिस्ट करने और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

खास बात यह है कि 3 साल बाद फरियादी को पता चला कि उनके दस्तावेजों का दुरुपयोग कर आईडीए का टेंडर हासिल कर लिया गया। इसकी शिकायत के बाद आईडीए और क्राइम ब्रांच कर रहा है।

शर्मा का आरोप है कि बाद में उन्हीं दस्तावेजों का इस्तेमाल क्ऊअ के स्विमिंग पूल संचालन का टेंडर हासिल करने के लिए किया गया। उनके अनुसार, 8 सितंबर 2023 को आईडीए का अनुबंध हासिल किया गया।

शर्मा का कहना है कि इस पूरी प्रक्रिया में उनसे न तो अनुमति ली गई और न ही उनकी लिखित सहमति ली गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि टेंडर में जिन छात्रों से संबंधित दस्तावेज लगाए गए, वे कभी देवा स्विमिंग इंस्टीट्यूट से जुड़े ही नहीं थे।





### तालकटोरा के टेंडर के लिए दिए थे दस्तावेज

- शर्मा ने बताया कि वे वर्ष 2022 में अपने छात्र संदीप तोकस के माध्यम से देवा स्विमिंग इंस्टीट्यूट, इंदौर से जुड़े थे। इसके बाद 21 फरवरी 2023 को उन्होंने अपने शैक्षणिक और पेशे से जुड़े दस्तावेज संस्था के डायरेक्टर देवेंद्र लांबा और उनकी पत्नी मधुलिका को दिए थे।
- उनका कहना है कि ये दस्तावेज केवल नई दिल्ली के तालकटोरा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के स्विमिंग पूल टेंडर में भाग लेने के लिए दिए गए थे। बाद में यह टेंडर निरस्त हो गया। शर्मा का दावा है कि इसके बाद उन्होंने अपने दस्तावेज किसी अन्य सरकारी, अर्द्धसरकारी या निजी संस्था के टेंडर में इस्तेमाल करने की कोई अनुमति नहीं दी थी।

### जनवरी में मिली जानकारी, आईडीए को भेजी शिकायत

शर्मा के मुताबिक उन्हें मामले की जानकारी 3 साल बाद जनवरी 2026 में एक परिचित के माध्यम से जानकारी मिली कि उनके दस्तावेजों का इस्तेमाल इंदौर के आईडीए टेंडर में किया गया है। इसके बाद उन्होंने आईडीए के सीईओ को ई-मेल के जरिए शिकायत की। शिकायत का संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उन्होंने लिखित शिकायत के साथ शपथपत्र भी दिया। शर्मा का आरोप है कि इसके बावजूद मामले में कोई स्पष्ट कार्रवाई नहीं हुई। 25 फरवरी को ई-मेल, 7 मार्च को रिमाइंडर 25 फरवरी 2026 को आईडीए को ई-मेल भेजकर दस्तावेजों के कथित गलत इस्तेमाल की जानकारी दी थी। 7 मार्च 2026 को रिमाइंडर भी भेजा। कई महीने बीतने के बाद भी उन्हें जांच या कार्रवाई के संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने आईडीए को लिखित शिकायत और एफिडेविट दिया। अब मामला पुलिस की क्राइम ब्रांच तक पहुंच गया है।

### दूसरे शहरों के टेंडर में भी दस्तावेज इस्तेमाल होने की आशंका

शर्मा ने आशंका जताई है कि उनके शैक्षणिक और पेशेवर दस्तावेजों का इस्तेमाल अन्य शहरों में स्विमिंग पूल के टेंडर, लाइसेंस या परमिट हासिल करने के लिए भी किया गया हो सकता है। उन्होंने स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के लखनऊ स्थित रीजनल सेंटर के स्विमिंग पूल का उल्लेख करते हुए वहां भी अपने दस्तावेजों के इस्तेमाल की जांच कराने की मांग की है। देवा स्विमिंग इंस्टीट्यूट के संचालक देवेंद्र लांबा ने मुकुंद मोहन शर्मा की ओर से लगाए गए आरोपों को पूरी तरह गलत और निराधार बताया है। उनका कहना है कि वे इस मामले में क्राइम ब्रांच को अपना जवाब दे चुके हैं। जांच के दौरान संबंधित दस्तावेज और अंडरटेकिंग भी उपलब्ध करा दी जाएगी। लांबा के मुताबिक मुकुंद मोहन शर्मा पहले उनके संस्थान से जुड़े हुए थे और उनके शैक्षणिक योग्यता तथा उपलब्धियों से संबंधित दस्तावेज संस्था के रिकॉर्ड में उपलब्ध थे। उनका कहना है कि किसी कर्मचारी या कोच के संस्थान से जुड़ने के दौरान उसकी योग्यता और उपलब्धियों से संबंधित दस्तावेज रिकॉर्ड में रखना सामान्य प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि मामले में क्राइम ब्रांच में शिकायत के बाद संस्था की ओर से जवाब दिया जा चुका है और लगाए गए आरोप बेबुनियाद हैं। उनके मुताबिक देवा स्विमिंग इंस्टीट्यूट का हेड ऑफिस गुरुग्राम में है और देश के अलग-अलग स्थानों पर उसके कई सेंटर हैं। टेंडर प्रक्रिया स्थानीय स्तर पर नहीं, बल्कि हेड ऑफिस द्वारा की जाती है। डॉ. परीक्षित झाडे ने बताया कि इस मामले में उन्हें मुकुंद मोहन शर्मा की ओर से शिकायत मिली है। विभाग द्वारा इसकी जांच की जा रही है। गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधितों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

---

# आकाश ग्रीन कॉलोनी और विनायक सार्थक ग्रुप द्वारा रास्ता रोकने हेतु किया जा रहा अवैध कब्जा और निर्माण





ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

शहर के नामी कॉलोनाइजर द्वारा अधिवक्ता डी जी मिश्र की जमीन पर दीवार तोड़कर अवैध कब्जा करने का प्रयास और उनके रास्ते बंद करने हेतु अवैध दीवार का निर्माण करने की शिकायत आज थाना गांधीनगर में की गई है। शिकायत के अनुसार गोम्मट गिरी चौराहे पर आकाश ग्रीन कॉलोनी से लगी हुई भूमि पिछले तीन दशकों से मिश्र परिवार की हैं, पिछले दिनों उनकी दीवार तोड़कर अवैध ट्रेस पास किया गया और मिश्र परिवार की जमीन हड़पने का प्रयास किया गया जिसकी शिकायत जनसुनवाई, सी एम हेल्पलाइन सहित विभिन्न स्तरों पर की गई है। इस संबंध में कॉलोनाइजर अश्विन मेहता और निलेश गुप्ता के विरुद्ध जिला न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है। आज पुनः आकाश ग्रीन और सार्थक विनायक समूह ने वहां स्थित चार दशक पुराना बबूल का पेड़ काटकर वहां रास्ता रोकने हेतु दीवार का अवैध निर्माण शुरू कर दिया। गांधीनगर पुलिस ने मौके पर मौजूद ट्रैक्टर और टैंकर ट्राली को जप्त कर जांच शुरू कर दी है।

---

# तीन माह पहले सूचना, नहीं रुका अवैध वनोपज का खेल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

धार रोड स्थित जीएनटी टिम्बर मार्केट में अवैध वनोपज और बिना टीपी लकड़ी के कारोबार की शिकायत इंदौर वन विभाग के अधिकारियों तक करीब तीन माह पहले ही पहुंच गई थी। शिकायतों के आधार पर डीएफओ ने बाकायदा रात्रि गश्त के लिए सात दलों का गठन भी किया था।

इन दलों को सप्ताह के अलग-अलग दिनों में जीएनटी मार्केट और आसपास के क्षेत्रों में निगरानी की जिम्मेदारी दी गई थी। इसके बावजूद स्थानीय वन अमले की ओर से कोई बड़ी कार्रवाई सामने नहीं आई। शुक्रवार को राज्य स्तरीय उड़न दस्ते ने इसी क्षेत्र में दबिश देकर दो वाहनों में भरी बबूल की लकड़ी पकड़ी। इनमें एक वाहन के पास टीपी नहीं थी, जबकि दूसरे की टीपी जांच में फर्जी मिली। डीएफओ की ओर से जारी पत्र में स्पष्ट तौर पर लिखा गया था कि सीएम हेल्पलाइन, दूरभाष और अन्य स्त्रोतों से सूचना प्राप्त हो रही है कि जीएनटी मार्केट एवं आसपास के क्षेत्रों में अवैध वनोपज बिना टीपी के लाई जा रही है और उसका अवैध व्यापार हो रहा है। इसी के बाद अवैध वनोपज की जांच और रोकथाम के लिए सात रात्रि गश्ती दल गठित किए गए थे। सात दलों को दी थी निगरानी की जिम्मेदारी गश्ती दलों को जीएनटी मार्केट और आसपास के स्थलों पर सतत गश्त करने तथा यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे कि किसी भी प्रकार की वनोपज अवैध रूप से बिना टीपी के इंदौर शहर में प्रवेश न कर सके।

---

बाधाओं में अटकी इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट्स की जमीन

# इंदौर रीजन में कहीं कब्जे, कहीं सीमांकन तो कहीं कोर्ट केस से थमी रफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

राज्य सरकार का ध्यान प्रदेश में औद्योगिक निवेश बढ़ाने और नए उद्योगों के लिए भूमि उपलब्ध कराने पर है, वहीं इंदौर रीजन में एमपीआईडीसी के कई प्रोजेक्ट्स प्रशासनिक प्रक्रियाओं में ही अटके हैं।

एमपीआईडीसी की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक भूमि अधिग्रहण से लेकर आधिपत्य (कब्जे) तक कई तरह की बाधाएं आ रही हैं। इंदौर जिले में ऐसे 6 मामले लंबित हैं, जिन पर प्रशासनिक कार्रवाई होनी है। इनमें कहीं अतिक्रमण है, कहीं सीमांकन व राजस्व रिकॉर्ड में नाम दर्ज होना बाकी है, तो कहीं मामला अदालत में लंबित है।

**34.3 एकड़ पर अतिक्रमण :** महू तहसील के जामनिया जागीर (खसरा नं. 1) की 9.930 हेक्टेयर जमीन में से 4.85 हेक्टेयर तथा राऊ तहसील के रंगवासा औद्योगिक क्षेत्र (खसरा नं. 591/1) की 9.044 हेक्टेयर जमीन केहिस्से पर अनधिकृत कब्जा है। दोनों क्षेत्रों को मिलाकर कुल 13.894 हेक्टेयर (लगभग 34.3 एक-ड़) जमीन मुक्त कराई जानी है। रंगवासा के डायमंड पार्क (कन्फेक्शनरी क्लस्टर) के 5 खसरों के हिस्सों पर भी अतिक्रमण हटाने का मामला लंबित है।

**आईटी पार्क-3 की राह में रुकावट:** जूनी इंदौर तहसील के पीपल्याराव (खसरा नं. 144, 365, 375) की 0.293 हेक्टेयर जमीन सोयाबीन अनुसंधान केंद्र से वापस लेकर राजस्व विभाग के नाम दर्ज की जानी है, जिसके बाद इसे आईटी पार्क-3 के मार्ग के लिए औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग को हस्तांतरित किया जाएगा।

**बीजेपुर में सीमांकन का इंतजार:** बीजेपुर औद्योगिक क्षेत्र में बंदोबस्त का कार्य चलने के कारण सीमांकन और कब्जा देने की प्रक्रिया रुकी है। एमपीआईडीसी ने ग्राउंड रिकॉर्डिंग जल्द पूरी करने के लिए प्रशासन से कहा है।

**हाई कोर्ट में केस से विकास कार्य प्रभावित :** पीथमपुर (सेक्टर-7, ग्राम शंकरपुरा-सलमपुर) में सरकारी जमीन पर काबिज लोगों से जुड़ा मामला हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ में लंबित है। अभ्यावेदन के निराकरण के बाद ही जमीन का आधिपत्य मिलेगा। याचिकाकताओं के कारण औद्योगिक इकाइयों और सड़क निर्माण का काम बाधित हो रहा है।

---

फर्जी कर्मचारी बनकर आरोपियों ने भेजे क्यूआर कोड, लगातार रुपए मांगने पर हुआ शक

# नौकरी तलाश रही युवती से 87 हजार की ठगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

मल्हारगंज इलाके में नौकरी की तलाश कर रही एक युवती साइबर ठगी का शिकार हो गई। आरोपियों ने खुद को भारतीय रोजगार संस्था का कर्मचारी बताकर बैंक में नौकरी दिलाने का झांसा दिया और अलग-अलग किस्तों में युवती के खाते से 87 हजार रुपए से अधिक ट्रांसफर करा लिए। बाद में युवती ने साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत की, जिसके आधार पर पुलिस ने अज्ञात खाता धारकों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक मल्हारगंज निवासी सानिया गुप्ता डाटा एनालिसिस की इंटर्नशिप कर रही है। उसने नौकरी के लिए भारतीय रोजगार संस्था डॉट कॉम पर सर्च करने के बाद बैंक की नौकरी के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरा था। 11 अगस्त की दोपहर उसे एक महिला का कॉल आया। महिला ने खुद को भारतीय रोजगार संस्था का कर्मचारी बताया और पोस्ट ऑफिस, रेलवे तथा बैंक में वैकेंसी होने की जानकारी दी।




### आरोपियों ने सानिया से ली जानकारी

महिला ने सानिया से पूछा कि उसने किस विभाग के लिए आवेदन किया है। सानिया ने बैंक की नौकरी के लिए फॉर्म भरने की बात कही। इसके बाद महिला ने एक सीनियर कर्मचारी का कॉल आने की बात कही और उसे पूरी जानकारी देने के लिए कहा।
13 अगस्त को सानिया के पास दोबारा कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को भारतीय रोजगार संस्था का सीनियर कर्मचारी बताया। बातचीत के बाद 17 अगस्त को फिर कॉल किया गया। आरोपी ने सानिया से कुछ जानकारी नोट की और कहा कि वह नौकरी दिलाने की प्रक्रिया आसान कर सकती है।

### आरोपियों ने वॉट्सएप पर दफकोड भेजे

इसके बाद आरोपियों ने सानिया के वॉट्सएप नंबर पर कुछ दफकोड भेजे। अलग-अलग भुगतान के नाम पर उससे 1 हजार, 100 रुपए और 17 हजार रुपए मांगे गए। आरोपियों ने दो बार मनी ट्रांसफर करने के लिए भी कहा। लगातार रुपए की मांग होने पर सानिया को शक हुआ। उसने आरोपियों से अपने रुपए वापस मांगे, जिसके बाद उन्होंने बातचीत बंद कर दी।

### ट्रांजेक्शन के बाद मोबाइल बंद हुए

सानिया ने दिए गए मोबाइल नंबरों पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन सभी नंबर बंद मिले। इसके बाद उसने साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत की। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों ने सानिया के खाते से 87 हजार रुपए से अधिक की राशि ट्रांसफर कराई है। पुलिस अब उन बैंक खातों के धारकों की जानकारी जुटा रही है, जिनमें रकम ट्रांसफर हुई है।

---

# होटल में हिंदू युवती के साथ मिले 2 युवक, करणी सेना ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

लसूड़िया थाना क्षेत्र स्थित स्कीम नंबर 114 पार्ट-1 के होटल 'सिल्वर पैलेस' में राजपूत करणी सेना के कार्यकताओं ने रविवार रात को हंगामा में कर दिया। उन्होंने होटल के कमरे में खजराना निवासी दो युवकों पर आरोप लगाए हैं कि वे एक हिंदू युवती को नशा करवाकर उसके साथ गलत काम कर रहे थे।

बताया गया है कि सूचना मिलते ही करणी सेना के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पहले अपनी पहचान छिपाने की कोशिश की और खुद को 'लक्की' बताया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उनकी पहचान खजराना निवासी फैजान खान और अमन खान के रूप में हुई। हंगामे के दौरान आरोपी अमन खान मौके से भागने में सफल हो गया। संगठन के कार्यकर्ताओं का कहना है कि अमन फर्जी पुलिसवाला बनकर लोगों को एमडी रखकर फंसाने की धमकी देता है और ब्लैकमेल करता है। दोनों खजराना और आसपास के इलाकों में बड़े पैमाने पर एमडी ड्रग्स और गांजा बेचने का अवैध कारोबार करते हैं।





- **मोबाइल में मिले अश्लील वीडियो, कमरे से आपत्तिजनक सामान बरामद-** फैजान का मोबाइल चेक करने पर कई युवतियों के साथ अश्लील फोटो, वीडियो और चैटिंग मिली है। इसके अलावा मोबाइल में गांजे, एमडी और चाकू के फोटो भी बरामद हुए हैं। होटल के कमरे से शराब की बोतलें, बड़ी मात्रा में कंडोम और सेक्स वर्धक गोलियां मिली हैं।
- **पुलिस ने की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई-** करणी सेना के कार्यकताओं ने आरोपी फैजान को पकड़कर लसूड़िया थाना पुलिस के हवाले कर दिया, जहां पुलिस ने उसके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।
- **पुलिस से की कार्रवाई की मांग-** मौके पर मौजूद करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह दीक्षित, रणविजय सिंह तोमर, कपिल कौशल और नवीन अग्रवाल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे। संगठन ने फरार अमन की गिरफ्तारी और मामले में सख्त धाराओं में केस दर्ज करने की मांग की है।

### नशा उतरने पर युवक से पूछताछ करेंगे

खजराना थाना प्रभारी राजकुमार यादव का कहना है कि करणी सेना के कार्यकर्ता एक फैजान नाम के युवक को लेकर आए हैं। वह बहुत ज्यादा नशे की हालत में है। उसके मोबाइल में आपत्तिजनक वीडियो, चाकू और गांजे की तस्वीरें मिली हैं। युवती को लेकर नशा उतरने पर पूछताछ करेंगे। अभी उसे थाने में बैठाकर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

## एयर एंबुलेंस से जबलपुर भेजने की तैयारी:चार हाथ-पैर, अतिरिक्त धड़ के साथ नवजात का जन्म

**छतरपुर।** लवकुशनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार की सुबह एक असामान्य नवजात ने जन्म लिया। हरद्वार गांव की नीता अहिरवार (29) ने ऐसे बच्चे को जन्म दिया है, जिसके चार हाथ और चार पैर हैं। नवजात के छाती और पेट के ऊपरी हिस्से से एक अतिरिक्त धड़ जुड़ा दिखाई दे रहा है, जिसके हाथ-पैर हैं। चिकित्सकों के अनुसार प्रारंभिक तौर पर यह जुड़वां भ्रूणों के असामान्य विकास से जुड़ा मामला प्रतीत हो रहा है, जिसे हेटेरोपैगस कॉन्जेनिटल डिफेक्ट बताया गया है। हालांकि नवजात की वास्तविक स्थिति और अतिरिक्त अंगों के मुख्य शरीर से जुड़ाव की स्थिति विशेषज्ञ जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। जन्म के समय बच्चे का वजन करीब तीन किलो है। फिलहाल जच्चा-बच्चा दोनों डॉक्टरों की निगरानी में हैं। सीएमएचओ डॉ. राजेंद्र गुप्ता ने बताया कि नवजात और उसकी मां को एंबुलेंस से छतरपुर जिला अस्पताल बुलाया गया है। प्राथमिक जांच के बाद नवजात को एयर एंबुलेंस से जबलपुर भेजने की तैयारी है।

## फुंदिया गांव के ग्रामीणों ने अतिरिक्त शिक्षक रखा, बच्चों को निजी स्कूल न भेजना पड़े

**राजगढ़।** ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को निजी स्कूल में भेजने के बजाय सरकारी स्कूल में ही बेहतर शिक्षा मिले, इसके लिए फुंदिया गांव के लोगों ने अपने स्तर पर पहल शुरू की है। शासकीय माध्यमिक विद्यालय में अंग्रेजी की पढ़ाई बेहतर कराने के लिए ग्रामीणों ने अप्रैल 2026 से एक अतिरिक्त शिक्षक कमलकिशोर बैरागी की व्यवस्था की है। बीए-बीएड शिक्षक बैरागी को गांव के युवा विकास संगठन से जुड़े 40 लोग मिलकर मानदेय दे रहे हैं। शुरूआत में उन्हें 5100 रुपए प्रतिमाह दिए जा रहे हैं, जिसे आगे बढ़ाकर 6000 रुपए करने की तैयारी है। शिक्षक की व्यवस्था के साथ ग्रामीणों ने स्कूल की सुविधाओं और साज-सज्जा पर भी 2 लाख रुपए से अधिक खर्च किए हैं। स्कूल में 80 से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। यहां शिक्षकों के पांच पद हैं, जिनमें चार सरकारी शिक्षक और एक अतिथि शिक्षक कार्यरत हैं। ग्रामीणों ने इसके अतिरिक्त अंग्रेजी पढ़ाने के लिए बैरागी को नियुक्त किया है। संगठन के अध्यक्ष आशीष नागर और संरक्षक ओमप्रकाश यादव के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की अंग्रेजी कमजोर रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए विशेष दक्षता वाले शिक्षक की व्यवस्था की गई, ताकि बच्चों को विषय की बेहतर समझ मिल सके।

## नकली कोर्ट-फर्जी जज और सीबीआई का डर दिखाकर 63.52 लाख ठगे, 12 आरोपी पकड़े

**देवास।** सीबीआई, मुंबई क्राइम ब्रांच और टेलीकॉम विभाग का अफसर बनकर एक सेवानिवृत्त व्यक्ति को मनी लॉन्ड्रिंग के केस में फंसाने की धमकी दी। वीडियो कॉल पर फर्जी कोर्टरूम बनाया और जज की कुर्सी पर एक व्यक्ति को बैठाकर पूछताछ की। 9 दिन तक डिजिटल अरेस्ट में रखकर खाते वेरिफिकेशन के नाम पर 63.52 लाख रुपए अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर करा लिए। देवास पुलिस ने 127 दिन की जांच के बाद गिरोह के 12 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 54.84 लाख रुपए नकद, चेकबुक, एटीएम और मोबाइल बरामद किए गए हैं। कोतवाली क्षेत्र के सुरेश ईंगले निजी कंपनी से रिटायर्ड हैं। उन्हें अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को टेलीकॉम विभाग का अधिकारी बताया। इसके बाद मुंबई क्राइम ब्रांच और सीबीआई का अफसर बनकर बात की। ईंगले को मनी लॉन्ड्रिंग का आरोपी बताते हुए गिरफ्तारी की धमकीवीडियो कॉल पर उन्हें फर्जी कोर्टरूम दिखाया गया। जज की कुर्सी पर बैठे व्यक्ति ने पूछताछ की। ठगों ने कहा कि खाते और वित्तीय लेन-देन की जांच होगी। इसके नाम पर ईंगले और उनके परिवार की बैंकिंग जानकारी जुटाई। फिर अलग-अलग खातों में 63.52 लाख रुपए ट्रांसफर करा लिए। कहा-जांच में रकम सही मिली तो वापस कर देंगे। 16 से 24 मार्च तक ईंगले को लगातार फोन और वीडियो कॉल पर रखा गया। डर के कारण उन्होंने किसी को इसकी जानकारी नहीं दी। 3 अप्रैल को शक होने पर साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत की। पुलिस ने ई-जीरो एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। दी गई।

## सागर में सामान्य बारिश की तुलना में 47% पानी गिरा

**सागर।** लो प्रेशर एरिया और मानसून ट्रफ सक्रिय होने से बारिश का दौर जारी है। सागर जिले में पिछले चार दिनों से रुक-रुककर बारिश हो रही है। रविवार को सुबह से ही शहर समेत ग्रामीण इलाकों में बारिश का सिलसिला शुरू हुआ जो दिनभर रुक-रुककर चलता रहा। इस दौरान सवा इंच से अधिक बारिश दर्ज की गई। लगातार हो रही बारिश से तापमान में गिरावट आई है। इस समय सागर का अधिकतम तापमान 26 डिग्री और न्यूनतम पारा 22 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर-पूर्वी मध्यप्रदेश में बने कम दबाव क्षेत्र का असर जिले पर बना हुआ है। अगले 24 घंटे जिले में बारिश की संभावना जताई गई है। बादल छाए रहने के साथ ही रुक-रुककर बारिश हो सकती है। मौसम विभाग की मानें तो कम दबाव क्षेत्र से होकर मानसून ट्रफ बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। इससे नमी का प्रवाह लगातार बना रहेगा। अगले 48 घंटे में बारिश का क्षेत्र बढ़ सकता है। गरज-चमक और हवा चल सकती है। जिसके बाद कम दबाव का क्षेत्र कमजोर होकर आगे बढ़ने से सागर पर इसका सीधा प्रभाव कम हो जाएगा।

## रतलाम से गुजरेंगी 2 नई साप्ताहिक अमृत भारत एक्सप्रेस

**रतलाम।** यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर और अहमदाबाद-भागलपुर के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेनों को अब नियमित साप्ताहिक ट्रेन के रूप में चलाएगा। दोनों ट्रेनों को अमृत भारत एक्सप्रेस के रूप में चलाया जाएगा। इनके ट्रेन नंबर भी बदल दिए गए हैं। दोनों ट्रेनों का रतलाम स्टेशन पर ठहराव रहेगा। ट्रेन नंबर 15086 बांद्रा टर्मिनस से 29 अगस्त से हर शनिवार रात 9.45 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन रविवार सुबह 6.45 बजे रतलाम पहुंचेगी और 6.55 बजे रवाना होकर सोमवार सुबह 6.45 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 15085 गोरखपुर से हर शुक्रवार सुबह 7.50 बजे चलेगी। यह शनिवार सुबह 4.55 बजे रतलाम पहुंचेगी।

# मप्र के 22 जिलों में आज भारी बारिश का अलर्ट, डिंडौरी-बालाघाट में 8 इंच तक पानी गिर सकता है; तीन दिन तक स्ट्रॉन्ग सिस्टम

**ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल**



मानसून ट्रफ, साइक्लोनिक सकुर्लेशन (चक्रवात) और लो प्रेशर एरिया (निम्न दाब क्षेत्र) से बने स्ट्रॉन्ग सिस्टम से मध्य प्रदेश का पूर्वी हिस्सा तरबतर हो गया है। अगले 24 घंटे के दौरान इसी हिस्से में अति भारी या भारी बारिश का अलर्ट है। क्टऊ (मौसम केंद्र) के मुताबिक, डिंडौरी और बालाघाट में 4 से 8 इंच तक पानी गिर सकता है।

इन दोनों जिलों में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। विदिशा, सागर, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, नरसिंहपुर, दमोह, सिवनी, जबलपुर, मंडला, कटनी, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, रीवा, मऊगंज, सीधी और छतरपुर में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। वहीं, भोपाल, सीहोर, राजगढ़, इंदौर, धार, आलीराजपुर, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, झाबुआ, उज्जैन, नीमच, आगर-मालवा, मंदसौर, शाजापुर, देवास, रतलाम, हरदा, ग्वालियर, गुना, शिवपुरी, दतिया, अशोकनगर, मुरैना, भिंड, श्योपुर, सतना, सिंगरौली, मैहर, उमरिया, पन्ना, टीकमगढ़ और निवाड़ी में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हो सकती है।

इससे पहले रविवार रात को भोपाल में तेज बारिश हुई। वहीं, विदिशा जिले के लटेरी में एक घंटे तक तेज बारिश होने से मेन बाजार में सड़क पर पानी भरा गया। सीधी जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध बढ़ौरा शिव मंदिर के पास रविवार सुबह एक महिला की पुल से गिरने के कारण मृत्यु हो गई। लगभग 60 वर्षीय यह महिला अपने बेटे के साथ भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने पहुंची थी।

सीधी जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध बढ़ौरा शिव मंदिर के पास रविवार सुबह एक महिला की पुल से गिरने के कारण मृत्यु हो गई। लगभग 60 वर्षीय यह महिला अपने बेटे के साथ भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने पहुंची थी। पश्चिमी हिस्से में भी बारिश मौसम विशेषज्ञ शैलेंद्र कुमार नायक ने बताया कि 27 अगस्त तक प्रदेश में भारी बारिश के आसार है। पश्चिमी हिस्से में भी तेज बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

प्रदेश में अब तक 24.8 इंच बारिश हुई मौसम केंद्र की माने तो प्रदेश में अब तक 629.8 मिमी यानी, 24.8 इंच बारिश हो चुकी है। हालांकि, यह अब तक की सामान्य बारिश 27.8 इंच (707.3 मिमी) की तुलना में 3 इंच कम है। वहीं, ओवरऑल 11 प्रतिशत कम पानी गिरा है। पूर्वी हिस्से में 8% और पश्चिमी हिस्से में औसत से 14% बारिश कम हुई है।

39 जिलों में 6% से 50% तक कम बारिश प्रदेश के पूर्वी हिस्से- जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में 19% तक कम बारिश हुई है। बालाघाट, छतरपुर, छिंदवाड़ा, दमोह, जबलपुर, कटनी, मैहर, मंडला, मऊगंज, नरसिंहपुर, निवाड़ी, पांढुर्णा, पन्ना, रीवा, सागर, सिवनी, टीकमगढ़, डिंडौरी, निवाड़ी में 6% से 50% तक कम बारिश हुई है। वहीं, पश्चिमी हिस्से के आगर-मालवा, आलीराजपुर, अशोकनगर, बैतूल, दतिया, देवास, धार, हरदा, इंदौर, झाबुआ, मुरैना, मंदसौर, नर्मदापुरम, नीमच, बड़वानी,रायसेन, रतलाम, सीहोर, शाजापुर, श्योपुर, शिवपुरी, उज्जैन और विदिशा में औसत से 1% से 48% कम पानी गिरा है।

### जबलपुर हाईकोर्ट ने दी मेरिटोरियस शिक्षकों को राहत

# फिर मिलेगा स्कूल चुनने का मौका, 2 महीने में चॉइस फिलिंग के निर्देश; 54 अपीलों पर आया निर्णय

**ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर**

मध्य प्रदेश के सिवनी जिले की मिडिल स्कूल शिक्षिका साक्षी ताम्रकार सहित अन्य अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर शिक्षक भर्ती में पदस्थापना प्रक्रिया पर सवाल उठाए थे। याचिका में आरोप लगाया गया कि अधिक मेरिट वाले अभ्यर्थियों को पसंद का स्कूल चुनने का अवसर नहीं मिला, जबकि उनसे कम अंक वाले अभ्यर्थियों को पसंदीदा स्कूल आवंटित कर दिए गए।

मामले की शनिवार को सुनवाई जस्टिस आनंद पाठक और जस्टिस बीपी शर्मा की डिवीजन बेंच ने की। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि भर्ती प्रक्रिया शुरू होने के बाद नियमों में ऐसा बदलाव नहीं किया जा सकता, जिससे अभ्यर्थियों के अधिकार प्रभावित हों। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिए कि जनजातीय कार्य विभाग में पहले से पदस्थ मेरिटोरियस अभ्यर्थियों को स्कूल शिक्षा विभाग में चॉइस फिलिंग का अवसर दिया जाए। इसके बाद उनकी मेरिट के आधार पर पदस्थापना की जाए।

दरअसल, 2018 में शिक्षक पात्रता परीक्षा के आधार पर स्कूल शिक्षा और जनजातीय कार्य विभाग में संयुक्त शिक्षक भर्ती निकाली गई थी। साक्षी ताम्रकार सहित 54 याचिकाओं में अभ्यर्थियों ने बताया कि आरक्षित वर्ग के कई उम्मीदवारों ने सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों से भी अधिक अंक हासिल किए थे।

मेरिट के आधार पर उन्हें जनजातीय कार्य विभाग के स्कूलों में नियुक्ति मिली। इसके बाद नवंबर-दिसंबर 2022 में जारी निर्देशों के चलते एक विभाग में नियुक्त होकर जॉइन कर चुके शिक्षकों को रिक्त पदों के लिए होने वाली काउंसलिंग और चॉइस फिलिंग से बाहर कर दिया गया।

याचिकाकर्ताओं का कहना था कि बाद के निर्देशों से भर्ती की मूल प्रक्रिया प्रभावित हुई। अधिक मेरिट वाले अभ्यर्थी स्कूल शिक्षा विभाग में अपनी पसंद का स्कूल नहीं चुन सके, जबकि कम मेरिट वालों को पसंदीदा स्कूल मिल गए।

### साक्षी ताम्रकार का मामला बना अहम आधार

सुनवाई के दौरान अधिवक्ता प्रशांत कुमार बड़ारया, अंशुमान सिंह और अमित कुमार चतुर्वेदी ने अभ्यर्थियों की ओर से पक्ष रखा। कोर्ट के सामने साक्षी ताम्रकार के मामले का विशेष उल्लेख किया गया। उनका दस्तावेज सत्यापन पूरा हो चुका था और चॉइस लिस्ट में नाम भी शामिल था। इसके बावजूद ट्राइबल विभाग से नियुक्ति पत्र जारी होने के कारण उन्हें चॉइस फिलिंग का मौका नहीं मिला।

### महीने में चॉइस फिलिंग, मेरिट से होगी पोस्टिंग

डिवीजन बेंच ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि दो महीने के भीतर संबंधित अभ्यर्थियों को स्कूल चॉइस फिलिंग पॉलिसी के तहत प्राथमिकताएं दर्ज करने का अवसर दिया जाए। इसके बाद उनकी मेरिट के आधार पर पदस्थापना तय होगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि नई प्रक्रिया से यदि पहले से कार्यरत कम मेरिट वाले शिक्षक प्रभावित होते हैं, तो उन्हें उपलब्ध रिक्तियों के आधार पर संबंधित विभाग या दूसरे विभाग में समायोजित किया जाए।

### दतिया मेडिकल कॉलेज का स्टेनोग्राफर पकड़ाया

# ग्वालियर में शादी का झांसा देकर युवती से किया दुष्कर्म

**ब्रह्मास्त्र ›› ग्वालियर**

ग्वालियर में एक युवती को शादी का झांसा देकर तीन साल तक शारीरिक शोषण करने वाले दतिया मेडिकल कॉलेज के स्टेनोग्राफर को बिजौली थाना पुलिस रविवार रात दतिया से दबोच लिया है। पकड़े गए आरोपी को पुलिस बिजौली लेकर पहुंची और पूछताछ करना शुरू कर दिया है। हालांकि पुलिस को देखते ही आरोपी ने भागने का प्रयास किया था, लेकिन उसे पकड़ लिया गया है। बिजौली थाना क्षेत्र निवासी 29 वर्षीय युवती की वर्ष 2023 में पहचान गंगापुर-बिलौआ निवासी परमार मिलन से हुई थी। दोनों के बीच दोस्ती हो गई और मोबाइल पर बातचीत होने लगी। 27 मई 2023 को परमार मिलन उसे गांव के पास पहाड़ी पर ले गया था, जहां शादी का भरोसा देकर उसके साथ संबंध बनाए।

इसके बाद परमाल उसे कई अन्य स्थानों के साथ ही होटलों में ले गया और गलत काम किया। इसी दौरान आरोपी की नौकरी देवास कोर्ट में लग गई और वह नौकरी पर चला गया। तीन महीने पहले उसकी नौकरी दतिया मेडिकल कॉलेज में लग गई। इसके बाद भी वह उसे आश्वासन देता रहा और उसका शोषण करता रहा।

### शादी का दबाव बनाया तो तोड़ा वादा

17 जुलाई को जब युवती ने शादी का दबाव बनाया तो वह पहले की तरह ही उसे बहाना बनाकर टहलाने लगा। जब युवती ने उससे फाइनल तारीख देने को कहा तो वह अपने वादे से मुकर गया और शादी से इनकार कर दिया। साथ ही धमकी दी कि अगर यह बात किसी को बताई तो जान से खत्म कर देगा। मामले की शिकायत पुलिस से की तो पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था।

### मामला दर्ज होते ही दतिया बनाया ठिकाना

एसडीओपी बेहट मनीष यादव ने बताया कि थाना प्रभारी बिजौली सौरभ श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस टीम दबिश दे रही थी। तभी पता चला है कि पिछले तीन दिन से स्टेनोग्राफर घर नहीं आ रहा है और दतिया में ठिकाना बनाया है। इसका पता चलते ही पुलिस टीम दतिया पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लाई। पुलिस अब उससे पूछताछ करने में जुट गई है। वहीं, एएसपी शिवेश बघेल का कहना है कि युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी स्टेनोग्राफर को बिजौली थाना पुलिस ने दतिया से दबोचा है। पकड़े गए आरोपी से पुलिस पूछताछ में जुटी है।

# पहली बारिश में ही धंसा मेडिकल कॉलेज, 20 करोड़ का घपला पकड़ने वाले डीन की छुट्टी

**ब्रह्मास्त्र ›› श्योपुर**

280 करोड़ रुपए की लागत से तैयार श्योपुर मेडिकल कॉलेज का भवन छात्रों के लिए सुविधा कम और कमीशनखोरी का स्मारक ज्यादा नजर आ रहा है। निर्माण एजेंसी 'ब्रिज एंड रूफ' ने कागजों में प्रोजेक्ट पूरा दिखाकर करीब 20 करोड़ रुपए का काम अधूरा छोड़ दिया।

आलम यह है कि पहली ही बारिश में घटिया निर्माण की पोल खुल गई इमारत जमीन में धंसने लगी है, दीवारों में दरारें आ गई हैं और छतें टपक रही हैं। ?हैरानी की बात यह है कि जब तत्कालीन डीन डॉ. अनिल अग्रवाल ने 14 प्रमुख कमियों की जांच रिपोर्ट तैयार कर हैंडओवर लेने से इनकार कर दिया, तो शासन ने सुधार कराने के बजाय डीन को ही पद से हटा दिया। इसके बाद आनन-फानन में नए डीन की ताजपोशी कराई गई और बिना कमियां दूर किए भवन का हैंडओवर ले लिया गया।

जांच समिति की रिपोर्ट के अनुसार, एजेंसी ने प्रोजेक्ट में जमकर लीपापोती की। न केवल 2 पूरे हॉस्टल का निर्माण छोड़ दिया गया, बल्कि सीनियर रेजिडेंट्स और नर्सिंग स्टाफ के आवास सिर्फ प्लिंथ (नींव) स्तर तक बनाकर छोड़ दिए गए। क्लासरूम्स में माइक और एसी खराब पड़े हैं। 50 सीमेंट बेंच, 3 डीजी सेट की जगह 2 और 6 बोरिंग की जगह सिर्फ 3 बोरिंग ही मिले, जिनमें से भी एक में मोटर तक नहीं डाली गई।

2 पूरे हॉस्टल नहीं बने। डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ क्वार्टर केवल प्लिंथ स्तर तक बने। डीपीआर में 6 बोरिंग थीं, मौके पर 3 मिलीं (मोटर सिर्फ 2 में)। 3 की जगह 2 डीजी सेट लगे। गर्ल्स हॉस्टल की फेंसिंग नहीं की गई। एकेडमिक व प्रशासनिक ब्लॉक में 2 लिफ्ट कम लगाई गईं। बैठने के लिए प्रस्तावित 50 सीमेंट बेंच गायब हैं। स्पोर्ट्स कोर्ट और खेल सामग्री नदारद। पहली बारिश में ही भवनों से पानी टपका और दीवारें दरकीं। फॉल्स सीलिंग और लकड़ी के दरवाजे बेहद घटिया क्वालिटी के लगाए गए। 5,500 पौधों की जगह कैंपस में केवल 3,000 पौधे ही लगाए गए।

### बाढ़ में ड्रम पर शव रखकर पार कराया

**रीवा।** रीवा में बाढ़ के बीच शव को गांव के तक लाने के लिए ड्रम बांधकर पार कराया गया। घटना जवा जनपद की रौली गांव की है। रविवार को मोतीलाल तिवारी का संजय गांधी अस्पताल रीवा में निधन हो गया। इसके बाद अस्पताल से शव गांव लाया जा रहा था, लेकिन बाढ़ के पानी के कारण घर तक पहुंचने का रास्ता बंद था। परिजन और ग्रामीणों को शव घर तक पहुंचाने के लिए ड्रम का सहारा लेना पड़ा। घटना का वीडियो अब सामने आया है। ग्रामीणों ने दो ड्रमों को आपस में बांधकर उनके ऊपर शव रखा और पानी के तेज बहाव के बीच उसे पार कराया। इसके बाद शव को घर ले जाकर अंतिम संस्कार किया गया।

# बांधवगढ़ में हजारों साल पुरानी पत्थर संरचना मिली:बीच से गुजरती है प्राकृतिक जलधारा; बारिश में बढ़ जाती है खूबसूरती





**ब्रह्मास्त्र ›› उमरिया**

उमरिया के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के धमोखर परिक्षेत्र के बफर क्षेत्र में पानी के बहाव और कटाव से बनी अनोखी पत्थर संरचना है। इसके बीच से प्राकृतिक जलधारा गुजरती है, जिसे स्थानीय लोग कथली कहते हैं। बारिश के मौसम में जलधारा का बहाव बढ़ने पर यहां पत्थरों के बीच से पानी गिरता और बहता दिखाई देता है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय के मुताबिक, यह संरचना हजारों वर्ष पुरानी है।

जंगल के बीच स्थित इस पत्थरीली संरचना से एक प्राकृतिक जलधारा गुजरती है। स्थानीय लोग इसे कथल कहते हैं। यह जलधारा आगे चलकर उमड़ार नदी में मिल जाती है। बारिश के मौसम में जलधारा में पानी का बहाव बढ़ जाता है। इस दौरान पत्थरों के बीच से पानी गिरता और बहता है। इससे यहां का प्राकृतिक दृश्य और आकर्षक हो जाता है। पर्यटक इस दौरान यहां रुककर पत्थरों की बनावट और पानी के बहाव को करीब से देखते हैं। दरअसल, कोर एरिया में टूरिज्म बंद है। जिससे पर्यटक बफर जोन पहुंच रहे हैं। पर्यटकों ने रविवार को यह अनोखी पत्थर संरचना देखी। जिसका वीडियो भी सामने आया। धमोखर परिक्षेत्र में पानी के बहाव से बनी प्राकृतिक पत्थर संरचना।

### गर्मी में वन्यजीवों के लिए भी उपयोगी

यह स्थान सिर्फ पर्यटकों के लिए आकर्षण नहीं है। बारिश के बाद जलधारा में जमा पानी और आसपास मौजूद प्राकृतिक जलस्त्रोत गर्मी के मौसम में वन्यजीवों के लिए पानी का स्त्रोत बनते हैं। पर्यटक यहां उतरकर पत्थरों की प्राकृतिक बनावट को करीब से देखते हैं। पानी के लगातार बहाव और कटाव से बनी इस संरचना को क्षेत्र की प्राकृतिक विशेषता के तौर पर देखा जाता है।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय ने बताया कि यह संरचना हजारों वर्ष पुरानी है। बारिश के मौसम में यहां पानी का बहाव बढ़ने से इसका दृश्य बेहद सुंदर दिखाई देता है।

### हत्या कर शव के पास ही बैठा रहा

# जमीन बेचने से मना किया, मां को बेटे ने रॉड से वार कर मार डाला

**ब्रह्मास्त्र ›› छतरपुर**



छतरपुर जिले के बड़ामलहरा के बमनौरा कलां में जमीन विवाद को लेकर एक बेटे ने अपनी 50 वर्षीय मां की हत्या कर दी। घटना शनिवार रात की है, लेकिन इसका खुलासा रविवार को हुआ कि हत्यारा बेटा है। बमनौरा कलां निवासी सुनती बाई अपने दो बेटों के साथ रहती थीं। वह धार्मिक स्थलों पर लोगों से मिलने वाली मदद से परिवार का भरण-पोषण करती थीं। उनके नाम कृषि भूमि थी।

इसी जमीन को बेचने को लेकर बेटे जाहर उर्फ रंगाराव अहिरवार से उनका विवाद चल रहा था। जाहर जमीन बेचना चाहता था, जबकि सुनती बाई इसका विरोध कर रही थीं। इसी बात को लेकर जाहर ने पहले पत्थर से हमला किया, फिर लोहे की रॉड से सिर पर वार किया

सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। शनिवार रात करीब 11 बजे सुनती बाई और जाहर घर में अकेले थे। जाहर का बड़ा भाई जगदीश अहिरवार उस समय घर पर नहीं था। आरोप है कि इसी दौरान जाहर ने मां पर हमला किया। उसने पत्थर से मारपीट की, जिससे सुनती बाई के हाथ-पैर में गंभीर चोटें आईं। इसके बाद उसने लोहे की रॉड से सिर पर वार किया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

सुनती बाई की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बमनौरा पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम ने घटनास्थल पर महिला को खून से लथपथ पाया। जांच के बाद उसकी मौत की पुष्टि हुई।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। सीएफएसएल टीम ने मौके से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए। इसके बाद पोस्टमार्टम कराया गया और कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

पुलिस के अनुसार जाहर उर्फ रंगाराव शराब पीने का आदी बताया जा रहा है। जमीन विवाद को हत्या की मुख्य वजह माना जा रहा है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। चौकी प्रभारी रामटोरिया राजकपूर सिंह बघेल ने बताया कि सुनती बाई अहिरवार की हत्या उनके बेटे जाहर उर्फ रंगाराव अहिरवार ने की है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे नियमानुसार सोमवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

एसपी रजत सकलेचा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक अपनी मां के साथ मारपीट कर रहा है। जब पुलिस पहुंची तो महिला की मौत हो चुकी थी, उसका बेटा शव के पास ही बैठा था। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में जांच की जा रही है।

# फ्रांस के पहले बीएपीएस हिंदू मंदिर का उद्घाटन सितंबर में होगा

## 13 दिन चलेगा भारतीय संस्कृति उत्सव; पेरिस से 30 किमी दूर बना

फ्रांस में पेरिस से करीब 30 किमी दूर बुसी-सेंट-जॉर्जेस में बने इअढर स्वामीनारायण हिंदू मंदिर का सितंबर 2026 में उद्घाटन होगा। इसे फ्रांस का पहला बड़ा हिंदू मंदिर बताया जा रहा है। उद्घाटन के साथ 2 से 14 सितंबर तक 13 दिन का ह्यफेस्टिवल ऑफ कल्चरह्न आयोजित होगा। इसमें हिंदू परंपराओं, भारतीय कला, संगीत और संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम होंगे। लोगों को भारतीय संस्कृति को करीब से जानने और समझने का मौका मिलेगा।

मंदिर सिर्फ पूजा की जगह नहीं होगा। यहां सांस्कृतिक और सामुदायिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। उद्घाटन और उत्सव में भारतीय मूल के लोगों के साथ हिंदू समुदाय और भारतीय संस्कृति में रुचि रखने वाले लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।



### भारत में तराशे गए पत्थरों से बना मंदिर

पेरिस के पास बने इअढर स्वामीनारायण मंदिर में भारत से लाए गए खास पत्थरों का इस्तेमाल किया गया है। इन्हें भारत में करीब 1,000 साल पुरानी नक्काशी की तकनीकों से तैयार किया गया है। कई हिस्सों पर कारीगरों ने हाथ से बारीक नक्काशी की है।

भारत में तैयार किए गए इन पत्थरों को फ्रांस लाकर मंदिर में लगाया गया। इस काम में भारतीय कारीगरों के साथ फ्रांस के विशेषज्ञ भी शामिल रहे। इनमें नोट्रे-डाम कैथेड्रल की मरम्मत से जुड़े कारीगर भी थे। इस तरह मंदिर में भारतीय शिल्पकला और फ्रांस की आधुनिक निर्माण तकनीक का मेल देखने को मिलता है। मंदिर की संरचना में गुंबद, स्तंभ और शिखर जैसी पारंपरिक हिंदू वास्तुकला शामिल है।

### 1970 में आया था फ्रांस में हिंदू मंदिर बनाने का आइडिया

पेरिस की वेबसाइट के मुताबिक, फ्रांस में हिंदू मंदिर बनाने का आइडिया 1970 में आया था। इसके करीब 25 साल बाद, 1995 में पेरिस में मंदिर बनाने की योजना पर काम आगे बढ़ा। 2017 में बुसी-सेंट-जॉर्जेस में मंदिर के लिए जमीन मिली। इसके बाद 2021 में निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ी। करीब 56 साल बाद अब 2026 में मंदिर बनकर तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13 जुलाई 2023 को पेरिस में इअढर के नेताओं और स्वयंसेवकों से मुलाकात की थी। इस दौरान मोदी को मंदिर का 3ऊमॉडल दिखाया गया था।

### बीएपीएस ने दुनिया में 1,300 से ज्यादा मंदिर बनाए

बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था यानी इअढर स्वामीनारायण परंपरा से जुड़ी एक वैश्विक हिंदू संस्था है। यह सिर्फ धार्मिक गतिविधियां नहीं चलाती, बल्कि शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक सेवा से भी जुड़ी है। मंदिर भारत के अलावा अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका और यूरोप के कई देशों में हैं। यहां पूजा और धार्मिक कार्यक्रमों के साथ भारतीय संस्कृति, भाषा, संगीत, कला और बच्चों से जुड़े कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। दुनिया भर में उसके 1,300 से ज्यादा मंदिर हैं और इसका नेटवर्क 50 से ज्यादा देशों में फैला है। पेरिस के पास बना इअढर स्वामीनारायण मंदिर भी इसी वैश्विक नेटवर्क का हिस्सा है।




### भारत में अक्षरधाम भी बनाया

बीएपीएस के बनाए सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में दिल्ली का स्वामीनारायण अक्षरधाम भी शामिल है। इसके अलावा गुजरात के गांधीनगर में भी अक्षरधाम परिसर है। दिल्ली का अक्षरधाम पारंपरिक भारतीय शैली में बनाया गया है। इसे बनाने में हजारों कारीगरों और स्वयंसेवकों ने काम किया था। बीएपीएस के मुताबिक, मंदिर को पारंपरिक वास्तु और शिल्प परंपराओं के अनुसार तैयार किया गया है।

# 60 घंटे में दर्जनों सैन्य विमान पहुंचे

## रक्षा-समझौते की आड़ में हथियारों का जखीरा भर रहा पाकिस्तान, तुर्किये से ड्रोन की सप्लाई

सऊदी अरब और तुर्किये से हुए रक्षा समझौते की आड़ में पाकिस्तान हथियारों का जखीरा बढ़ा रहा है। 19 से 21 अगस्त के बीच करीब 60 घंटे में तुर्किये के दर्जनों सैन्य विमानों ने पाकिस्तान के अलग-अलग एयरबेस पर लैंडिंग और टेकऑफ किया। इनमें सी-130 सैन्य परिवहन विमान और ए-400-एम जंबो मिलिट्री विमान शामिल थे।

रावलपिंडी के नूरखान और कराची के मसरूर एयरबेस पर तुर्किये के सी-130 सैन्य विमानों की लगातार आवाजाही रही। ए-400-एम विमान मुरीद एयरबेस पर पहुंचा। इसकी पहचान कॉल-साइन टीयूएएफ 526 से हुई। इन विमानों से तुर्किये ने पाकिस्तान को ड्रोन की बड़ी खेप पहुंचाई। ड्रोन की सप्लाई रात के अंधेरे में की गई, ताकि सैटेलाइट ट्रैकिंग से गतिविधियों को छिपाया जा सके। तुर्किये से पहुंची ड्रोन की खेप को बहावलपुर और रावलपिंडी की मिलिट्री स्टोरेज फैसिलिटीज में रखा गया है। मक्का में हुए रक्षा समझौते के दौरान पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप एर्दोगन से ड्रोन देने को कहा था।

मुनीर ने बताया था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम को काफी नुकसान हुआ था। चीन से पाकिस्तान को जे-सीरीज के लड़ाकू विमान पर्याप्त संख्या में मिल चुके थे, लेकिन इस दौरान उसके ड्रोन का बड़ा हिस्सा खत्म हो गया था। पाकिस्तान, सऊदी अरब और तुर्किये में हुए मक्का जॉइंट डिफेंस एग्रीमेंट के तहत किसी एक देश पर हमला होने पर बाकी दोनों देश उसके साथ खड़े होंगे। इसी वजह से इसे सैन्य समझौते के तौर पर देखा जा रहा है।

बलूचिस्तान में विद्रोहियों से घिरे मुनीर अब बड़ा सैन्य ऑपरेशन शुरू करने की तैयारी में हैं। इसके लिए सेना की टुकड़ियां रवाना की जा रही हैं। यह कार्रवाई अगले 48 घंटे में शुरू हो सकती है। बलूच विद्रोहियों के हमले की आशंका के चलते रावलपिंडी स्थित पाकिस्तान आर्मी के हेडक्वार्टर में 3 अतिरिक्त कंपनियां तैनात की गई हैं। शहबाज सरकार ने शनिवार को रावलपिंडी के अगले 6 महीने के लिए संवेदनशील जोन घोषित किया है।

# गिनी में कचरे का पहाड़ धंसा, 30 की मौत:6 लोग घायल; भारी बारिश के बाद बचाव अभियान जारी



ब्रह्मास्त्र ›› कोनाक्री

गिनी की राजधानी कोनाक्री में रविवार तड़के शहर के सबसे बड़े लैंडफिल में कचरे का पहाड़ धंस गया। हादसे में 30 लोगों की मौत हुई है। लैंडफिल ऐसी जगह होती है, जहां शहर का कचरा इकट्ठा यानी डंप किया जाता है। अधिकारियों ने बताया कि रविवार सुबह करीब 2 बजे शुरू हुई भारी बारिश के बाद कचरे के ऊपर से पानी बहा। इससे लैंडस्लाइड हुई और पास की झोपड़ियां मलबे में दब गईं। हादसे में छह लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं और कई घर तबाह हो गए। मलबे में दबे लोगों को खोजने के लिए सर्च और रेस्क्यू अभियान जारी है।

### शहर का सबसे बड़ा लैंडफिल था

यह हादसा दार एस सलाम के खुले कचरे के डंप में हुआ, जो कोनाक्री का सबसे बड़ा लैंडफिल है। सैन्य इंजीनियरिंग बटालियन के सफाई अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल बाल्ड मामादो बैलो के मुताबिक, इस जगह को रविवार को बंद किया जाना था। लैंडफिल के आसपास रहने वाले लोगों को जगह खाली करने के नोटिस दिए गए थे।

# बांग्लादेश में हिंदू परिवार के 4 लोगों की हत्या, ड्रग लेने का विरोध करने पर मारा

## फिर उसी घर में आरोपी भाइयों ने खाना खाया

ब्रह्मास्त्र ›› ढाका



बांग्लादेश के रंगपुर शहर में एक हिंदू परिवार के चार लोगों की हत्या कर दी गई। इनमें रिटायर्ड स्कूल शिक्षक, उनकी पत्नी, बेटी और बेटा शामिल हैं। बांग्लादेशी मीडिया डेली स्टार के मुताबिक इस मामले में पुलिस ने कजिन ब्रदर्स मुग्धो और सिद्धार्थ को हिरासत में लिया है। पुलिस के मुताबिक, दोनों युवक घर की छत पर बैठकर याबा नाम की नशीली ड्रग ले रहे थे। परिवार ने उन्हें देख लिया और रोकने की कोशिश की। इसके बाद दोनों ने परिवार की हत्या कर दी। फिर आरोपियों ने घर में खाना खाया और नहाया। परिवार के चारों लोगों के शव शनिवार रात बंद घर से मिले। मृतकों की पहचान गणपति चक्रवर्ती (65), पत्नी प्रीतिलता चक्रवर्ती (50), बेटी आगमी चक्रवर्ती प्रार्थी (23) और बेटे प्रियम चक्रवर्ती (12) के रूप में हुई है। गणपति रंगपुर जिला स्कूल में शिक्षक थे और पिछले साल 31 दिसंबर को रिटायर हुए थे। रिटायरमेंट के बाद वे होम्योपैथी का काम भी कर रहे थे।

रंगपुर मेट्रोपॉलिटन पुलिस कमिश्नर मोहम्मद अब्दुल माबूद के मुताबिक, दोनों आरोपी गुरुवार रात पड़ोस की इमारत से गणपति के घर की छत पर पहुंचे थे। वहां दोनों ड्रग ले रहे थे।

गणपति ने छत से आवाज सुनी तो वहां पहुंचे और दोनों से पूछा कि वे छत पर क्या कर रहे हैं। दोनों को डर था कि गणपति उन्हें पहचान लेंगे। इसलिए उन्होंने उनके ही गमछे से उनका गला दबा दिया।

आवाज सुनकर गणपति की पत्नी भी ऊपर पहुंचीं। आरोपियों ने सीढ़ियों पर कपड़े के एक टुकड़े से उनका भी गला दबा दिया। इसके बाद उनकी बेटी और 12 साल के बेटे की भी हत्या कर दी। हत्या करने के बाद दोनों आरोपी तुरंत घर से नहीं भागे। वे करीब 6 से 7 घंटे तक घर के अंदर ही रहे।आरोपियों ने वहां खाना खाया और नशीली ड्रग ली। इसके अलावा आरोपियों ने घर में नहाया भी था।

### फडणवीस बोले-असल में एक दिन का सीएम बनना आसान नहीं

ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि फिल्मों में अनिल कपूर जैसे एक्टर एक दिन के लिए मुख्यमंत्री बन सकते हैं, लेकिन असल जिंदगी में मुख्यमंत्री बनना इतना आसान नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान और लोकतंत्र की ताकत ऐसी है कि जो व्यक्ति कभी पार्षद बनने की भी कल्पना नहीं करता था, वह मुख्यमंत्री बन सकता है। इसी तरह गुजरात के रेलवे स्टेशन पर चाय बेचने वाला एक बच्चा देश का प्रधानमंत्री बन सकता है। अगर कोई व्यक्ति पूरी लगन से लक्ष्य तय कर ले, तो लोकतंत्र और संविधान उसे मुख्यमंत्री बनने का मौका दे सकते हैं और उसे कोई रोक नहीं सकता। फडणवीस ने अपने शुरूआती राजनीतिक दिनों को याद करते हुए कहा कि उन्होंने वैचारिक प्रतिबद्धता के कारण राजनीति में कदम रखा था।

### दिल्ली में कार डिवाइडर पार कर दूसरी कार से टकराई, हादसे में दो विधायक समेत 6 घायल

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

दिल्ली में पीडब्ल्यूडी ऑफिस के पास रविवार को दो कारों की टक्कर हो गई। दो विधायकों समेत छह लोग घायल हो गए। इनमें किराड़ी के मौजूदा विधायक अनिल झा और कर्नाटक के विधायक अभय पाटिल शामिल हैं।

पुलिस के मुताबिक, हादसा रात करीब 9:30 बजे हुआ। लक्ष्मी नगर से आईटीओ की ओर जा रही कार पहले डिवाइडर से टकराई, फिर रेलिंग पार कर सामने से आ रही इनोवा से भिड़ गई। कार को 32 साल के आशुतोष पांडे चला रहे थे। उनके साथ उनकी पत्नी और दो नाबालिग बच्चे थे, जबकि इनोवा में अनिल झा और अभय पाटिल सवार थे। अनिल झा दिल्ली की किराड़ी विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के विधायक हैं। उन्होंने 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में बीजेपी के बजरंग शुक्ला को 21,871 वोटों से हराया। उन्होंने लाइब्रेरी साइंस में एमए किया है। उपलब्ध चुनावी हलफनामे के अनुसार, 2025 में उनकी घोषित संपत्ति करीब 4.33 करोड़ रुपये थी।

# इमरान खान के लिए 21 पूर्व क्रिकेट कप्तानों की चिट्ठी, पाकिस्तान सरकार को लिखा- उन्हें सही इलाज दिया जाए

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली



पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को सही इलाज दिलाने के लिए दुनियाभर के क्रिकेटर आगे आए हैं। सुनील गावस्कर, कपिल देव समेत 21 पूर्व कप्तानों ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ सरकार को पत्र लिखकर वर्ल्ड कप विजेता कप्तान इमरान खान को सही मेडिकल इलाज देने की मांग रखी है।

23 अगस्त को लिखे गए लेटर में मांग की गई कि इमरान खान के साथ मानवीय व्यवहार किया जाए। साथ ही सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक इमरान की मेडिकल जांच की जाए। लेटर लिखने वालों में भारत के 3, ऑस्ट्रेलिया के 8, इंग्लैंड के 6, वेस्टइंडीज-श्रीलंका के 1-1 और न्यूजीलैंड के 2 पूर्व कप्तान शामिल हैं।

इस पत्र में कहा गया है- छह महीने पहले 14 पूर्व इंटरनेशनल क्रिकेट कप्तानों ने आपको और पाकिस्तान सरकार को इमरान खान के साथ मानवीय व्यवहार और सही मेडिकल इलाज की अपील की थी। हमने तब राजनेताओं के तौर पर नहीं, बल्कि पूर्व साथियों के तौर पर लिखा था।


उन्होंने कहा- क्रिकेट मैदान पर बना यह रिश्ता उन सीमाओं और मतभेदों से ऊपर है, जो अक्सर देशों को बांटते हैं। अब हम फिर लिख रहे हैं और इस बार 7 अन्य पूर्व कप्तान भी हमारे साथ हैं।

पूर्व कप्तानों ने लिखा- सुप्रीम कोर्ट ने इमरान खान की जांच के लिए गठित मेडिकल बोर्ड में उनके पर्सनल डॉक्टरों और बहन डॉ. उजमा खान को शामिल करने और परिवार से हर हफ्ते मुलाकात का आदेश दिया था। हालांकि, कोर्ट के आदेश के विपरीत राज्य द्वारा नियुक्त टीम ने महज कुछ ही घंटे में उन्हें फिट बताकर प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही अदियाला जेल वापस भेज दिया।'

# पाकिस्तान के कई शहरों में 12-12 घंटे बिजली कटौती

## कराची में हालात बदतर, सड़कों पर उतरे लोग, घंटों जाम लगा

ब्रह्मास्त्र ›› इस्लामाबाद




पाकिस्तान के इस्लामाबाद, रावलपिंडी और कराची जैसे बड़े शहर बिजली कटौती से परेशान हैं। सबसे खराब हालात कराची में हैं, जहां 12-12 घंटे बिजली कटौती हो रही है। कराची में बिजली कटौती के खिलाफ शनिवार को लोगों ने प्रदर्शन किया, कई घंटे सड़कें जाम रखीं।

इस प्रदर्शन से शहर में ट्रैफिक ठप हो गया और हजारों लोग जाम में फंस गए। डॉन के मुताबिक, लोगों ने बताया कि उन्हें रोज 12 घंटे या उससे ज्यादा बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि कई बार कटौती की जानकारी भी नहीं दी जाती। बिजली नहीं होने पर पंपिंग स्टेशन बंद रहते हैं। इससे पानी की सप्लाई भी रुक रही है। इस समस्या को लेकर कराची के व्यापारियों और बिजली कंपनी के-इलेक्ट्रिक (डए) के कर्मचारियों के बीच विवाद और झड़प हुई। प्रदर्शन में शामिल व्यापारियों ने कहा- बिजली की सप्लाई न होने से कारोबार को काफी नुकसान हो रहा है।

प्रदर्शन और जाम का भी लोगों पर बुरा असर पड़ा। एक महिला ने बताया कि उनकी मां को बुखार था वो मां को जांच के लिए क्लिनिक ले जा रही थीं, लेकिन उनकी एंबुलेंस करीब 2 घंटे तक जाम में फंसी रही।

गरीबाबाद के रहने वाले इमरान ने कहा- समय पर बिजली का बिल भरते हैं फिर भी 12 घंटे बिजली कटती है। आज तो हम घर तक नहीं पहुंच पाए। जुलूस और इन प्रदर्शनों की वजह से पूरा शहर जाम है।

■ वर्ष-12 अंक-291 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल
मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

### सुभाषितानि

प्रामाण्यबुद्धिर्वेदेषु साधनानामनेकता।
उपास्यानामनियमः एतद् धर्मस्य लक्षणम्।।

**भावार्थ** : वेदों में प्रमाणीकरण बुद्धि, साधना के रूप में विविधता, और पूजा के संबंध में नियमन का, यह केवल नियम ही नहीं बल्कि हमारे धर्म की विशेषताएं हैं।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, सोमवासरः 24 अगस्त, 2026

मा भ्राता भ्रातरं द्विक्षन्, मा स्वसारमुत स्वसा।
सम्यञ्चः सव्रता भूत्वा वाचं वदत भद्रया।।

**भावार्थ** : भाई-भाई से घृणा मत करो, बहन-बहन से घृणा मत करो, समान गति से एक-दूसरे का सम्मान करते हुए, एक-दूसरे के कार्यों को एक साथ करना या सब कुछ एक साथ करना, स्नेह से भरा होना। यह बात समझ में आ जाए तो किसी भी घर में परेशानी नहीं होगी और सभी को एकता की शक्ति का ज्ञान हो जाएगा।

## प्रतिवेदनं सज्जं अस्ति तथा च अद्यावधि कृतस्य अन्वेषणस्य स्थितिप्रतिवेदनं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

उत्तरप्रदेशसर्वकारस्य कृते उपस्थितः सॉलिसिटर जनरल् तुषारमेहता इत्यनेन उक्तं यत् विशेषानुसन्धानदलस्य प्रतिवेदनं सज्जं अस्ति तथा च अद्यावधि कृतस्य अन्वेषणस्य स्थितिप्रतिवेदनं न्यायालये प्रदत्तम् अस्ति। अन्वेषणार्थं गठितस्य एसआईटी-सङ्घस्य अध्यक्षः अपि न्यायालये उपस्थितः अस्ति। तस्य प्रतिक्रियारूपेण याचिकाकर्तारः एसआइटी-संस्थायाः अन्वेषणस्थितिप्रतिवेदनस्य प्रतिलिपिं आग्रहं कृतवन्तः। सीजेआइ इत्यनेन टिप्पणी कृता यत् न्यायालयः अस्य विषये पारदर्शकं निष्पक्षं च अन्वेषणं इच्छति। याचिकाकर्तानां वकिलः अवदत् यत् तेभ्यः प्रकरणे पञ्जीकृतस्य प्राथमिकस्य विषयवस्तु अपि न प्रदत्ता।

## सम्पादकीयम्

### आधुनिकदम्पतयः

यदा द्वौ जनाः शयने एकत्र भवन्ति तदा नेत्रसंपर्कः, शारीरिकः उपस्थितिः च भवति। सहभागिनः मुखस्य भावः, श्वसनं च एकप्रकारस्य अदृश्यं दबावं जनयति। यदि वयं गहनं रहस्यं प्रकाशयामः वा शारीरिकं इच्छां प्रकटयामः तर्हि तेषां तत्कालं प्रतिक्रियायाः चिन्ताम् कुर्मः यत् ते अस्मान् न्याययिष्यन्ति वा? किं ते अस्मान् तिरस्कुर्वन्ति? तथापि दूरभाषे भवतः अदृश्यं कवचम् अस्ति। जर्नल आफ कम्प्यूटर-मध्यस्थसञ्चारपत्रे प्रकाशितं शोधं स्पष्टतया सूचयति यत् पाठनम्-अथवा सेक्सटिंग्-दम्पतीनां दुर्बलतां गोपनं कर्तुं साहाय्यं करोति। शयने सम्मुखं वक्तुं ते संकोचयन्ति इति वस्तूनि पटलस्य पृष्ठतः निगूढं सति सहजतया लिखितानि भवन्ति। संशोधनं किं वदतियदा वयं प्रेमव्यञ्जनस्य विषये वदामः तदा केवलं अहं त्वां प्रेम करोमि इति वक्तुं अधिकं व्याप्तं भवति; तस्मिन् इच्छायाः भौतिकव्यञ्जनाः अपि अन्तर्भवन्ति। आधुनिकदम्पतयः शय्याकक्षे अपेक्षया सेक्सटिङ्ग-माध्यमेन शारीरिक-स्नेहं प्रकटयितुं दूरतरं निपुणाः भवन्ति। अमेरिकन-मनोवैज्ञानिक-सङ्घस्य प्रसिद्धस्य अध्ययनस्य अनुसारं प्रायः ८२% प्रौढाः स्वसहभागिभिः सह नियमितरूपेण सेक्स्ट्-करणं कुर्वन्ति इति वदन्ति। शोधं सूचयति यत् दम्पतीनां कृते सेक्सटिङ्ग डिजिटल फोरप्ले इत्यस्य रूपं कार्यं करोति। बहवः जनाः स्वाभाविकतया लज्जालुः भवन्ति।

## गुजरातस्य भावनगरमण्डले नकलीमद्यस्य सेवनेन मृतानां संख्या अष्टः अभवत्

# ३१ जनाः विभिन्नेषु चिकित्सालयेषु चिकित्सां कुर्वन्ति, १३ आरोपिणः गृहीताः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ राजकोट



गुजरातस्य भावनगरमण्डले नकलीमद्यस्य सेवनेन मृतानां संख्या अष्टः अभवत्, यत्र ३१ जनाः विभिन्नेषु चिकित्सालयेषु चिकित्सां कुर्वन्ति। अन्वेषणेन ज्ञातं यत् कथितं यत् एकं संगठितं जालं मिथेनॉलं मिश्रयित्वा तस्य निमार्णं कृत्वा ततः वास्तविकब्राण्ड् सदृशेषु शीशकेषु विक्रयति इति कथ्यते। पुलिसेन २१ जनानां विरुद्धं प्रकरणं कृत्वा एतावता १३ आरोपिणः गृहीताः। घटनायाः गम्भीरताम् अवलोक्य षट् पुलिसकर्मचारिणः अपि निलम्बिताः सन्ति।

पुलिस अन्वेषणस्य अनुसारं नरेन्द्रसिंहयादवः उर्फ वैद्यः इत्यस्मै मध्यप्रदेशस्य उज्जैनतः आहूतः यत् सः नकली मद्यस्य निमार्णं कृतवान्। मद्यनिर्माणप्रक्रियायां निपुणतायाः कारणात् सः भावनगरम् आनीतः इति कथ्यते। परन्तु तस्य विषमद्यं तस्य सज्जीकरणार्थं नियुक्तं तस्य कृते घातकं सिद्धं जातम्, येन तस्य मृत्युः अभवत्। प्रकरणस्य अन्वेषणेन गुजरात-मध्यप्रदेशयोः व्याप्तस्य जालस्य भूमिका ज्ञाता ततः परं पुलिसैः अनेकस्थानेषु कार्याणि तीव्रताम् अयच्छत्।

अन्वेषणेन ज्ञातं यत् गौतम सोलंकी इत्यादयः अन्ये च मध्यप्रदेशस्य रायशः अपि अस्मिन् जालपुटे सम्बद्धाः इति कथ्यते। इन्दौरनगरे मुख्याभियुक्तस्य रायशस्य गृहीतस्य सूचना पुलिसैः दत्ता अस्ति। अधुना अन्वेषणसंस्थाः नकलीमद्यस्य निमार्णार्थं आवश्यकाः सामग्रीः कुतः प्राप्ता, सज्जीकरणानन्तरं कुतः निर्यातिता, अस्मिन् जालपुटे सम्बद्धानां अन्येषां व्यक्तिनां भूमिका च अन्वेषणं कुर्वन्ति। पुलिसस्य मते अहमदाबादतः नकलीमद्यस्य उत्पादनार्थं मेथनल्, श्वेतद्रवः, रिक्तपुटं, टोप्याः, नकली स्टिकर च अहमदाबादतः आनीताः ततः भावनगरमण्डलस्य वर्तेजक्षेत्रे नकलीमद्यस्य निमार्णं कृतम्। अन्वेषणेन मद्यनिर्माणस्य त्रयः विशिष्टाः चरणाः ज्ञाताः। प्रथमं मालवाहनं ५१ समाप्तकाटूनैः युक्तं विपण्यं प्रति वितरितम् इति कथ्यते। द्वितीयं मालवाहनं दुर्गुणवत्तायाः कारणेन नष्टं जातम्, तृतीयस्य मालवाहनस्य २५ प्रकरणाः भावनगरे परिसरे च ग्रामेषु विक्रयणार्थं निर्धारिताः इति कथ्यते।

प्रारम्भिक अन्वेषणेन अपि ज्ञातं यत् विषाक्तं मद्यं वास्तविकं विदेशीयमद्यं दृश्यते इति नकलीलेबल्-पैकेजिंग्-प्रयोगः कृतः अनेन पिबकाः द्रवस्य खतरान् न अवगन्तुं शक्नुवन्ति स्म। अन्वेषणसंस्थाः मद्यस्य मेथानोल्-सामग्री, तस्य विषाक्ततायाः च अन्वेषणं कुर्वन्ति। अस्मिन् प्रसङ्गे मेथनॉल-लेस्ड् मिथ्या-मद्यस्य उपस्थितेः अपि स्वतन्त्र-रिपोर्ट्-पत्रेषु पुष्टिः कृता अस्ति।

घटनायाः अनन्तरं प्रशासनेन भवननगरमण्डले स्वास्थ्यस्य कानूनव्यवस्थायाः च अतिरिक्तव्यवस्था कृता अस्ति। विभिन्नस्थानेषु कानूनव्यवस्थां निर्वाहयितुम् बोटाड-अम्रेली-नगरयोः प्रायः १०० अतिरिक्ताः पुलिसकर्मचारिणः नियोजिताः सन्ति। चिकित्सालयेषु चिकित्सासुविधाः अपि वर्धिताः सन्ति। भावनगरस्य सर टी.अस्पताले रोगिणां चिकित्सायै चत्वारि चिकित्सादलानि नियोजितानि सन्ति। गम्भीररोगिणां चिकित्सायै विशेषज्ञवैद्याः अपि नियोजिताः सन्ति। रोगिणां स्थितिं दृष्ट्वा मुम्बईतः विशेष-इञ्जेक्शन्-स्रोतस्य प्रक्रिया आरब्धा अस्ति। अहमदाबादनगरस्य गुदारोगसंस्थानस्य अनुसन्धानकेन्द्रस्य च किडनी-यकृतविशेषज्ञाः अपि भावनगरम् आहूताः सन्ति। अस्पतालप्रशासनस्य समक्षं चुनौती अस्ति यत् विषाक्तपदार्थेन प्रभावितानां रोगिणां समये आवश्यकं च चिकित्सां करणीयम्। मेथनॉलविषाक्ततायाः शीघ्रं चिकित्सा न कृता चेत् गम्भीरः भवितुम् अर्हति, अतः स्वास्थ्यविभागेन चिकित्सालयाः।

## जबलपुरे आउटसोर्स कर्मचारिणः

# समये वेतनस्य, नौकरीसुरक्षायाः च माङ्गल्याः विरोधं कुर्वन्ति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

जबलपुरे विभिन्नेषु सर्वकारीयविभागेषु कार्यं कुर्वन्तः शतशः आउटसोर्सड् कर्मचारिणः राज्यस्य आउटसोर्सड् कर्मचारीसङ्घस्य बैनरेण स्वशिकायतां विषये विरोधं कृतवन्तः। तेषां सम्मुखे आर्थिकमानसिक-उत्पीडनस्य विषये सर्वकारस्य प्रशासनस्य च ध्यानं आकर्षयन् कर्मचारिभिः ज्ञापनपत्रं प्रदत्तम्।

सर्वकारेण अनुमोदितस्य बजटस्य, मार्गदर्शिकायाः च अभावेऽपि ठेकेदारीकम्पनीनां, सम्बन्धितविभागानां च उदासीनतायाः कारणेन तेषां शोषणं क्रियते इति कर्मचारिणां आरोपः। अनेन शतशः परिवाराणां आजीविकायाः संकटः उत्पन्नः अस्ति। ज्ञापनपत्रे स्वस्य प्रमुखमागधानां रूपरेखां दत्त्वा कर्मचारिणः अवलोकितवन्तः यत् अनेकविभागेषु वेतनं मासान् यावत् अदत्तं तिष्ठति। तेषां आग्रहः आसीत् यत् प्रतिमासस्य ६ दिनाङ्कात् ७ दिनाङ्कपर्यन्तं वेतनं अनिवार्यरूपेण वितरितव्यम् इति। ते ईपीएफ/ईएसआईसी रसीदानां प्रावधानस्य अपि आग्रहं कृतवन्तः; यदा कर्मचारिणां भविष्यनिधिस्य तथा कर्मचारिणां राज्यबीमायाः राशिः तेषां वेतनात् कटौती भवति, तदा ठेकेदाराः प्रायः एतानि धनराशिः तत्तत् खातेषु निक्षेपं कर्तुं असफलाः भवन्ति कर्मचारिणः अस्य वित्तीयधोखाधडस्य उच्चस्तरीयजाँचस्य आह्वानं कृतवन्तः, ईपीएफ/ईएसआईसी-रसीदाः प्राप्तुं च आग्रहं कृतवन्तः। तेषां ठेकेदाराः मनमाना कार्यं कुर्वन्ति, अनुभविनां दीर्घकालं यावत् कार्यं कुर्वन्तः च कर्मचारिणः वैधकारणानि विना निष्कासयन्ति इति आरोपं कृत्वा कार्यस्य असुरक्षां स्वस्य महत्त्वपूर्णविषयत्वेन चिह्नितवन्तः। संघेन अस्य प्रथायाः तत्कालं स्थगनस्य आह्वानं कृत्वा कार्यसुरक्षायाः दृढप्रतिश्रुतिः आग्रहः कृतः। अपि च, मूलभूतानाम् अधिकारानां कार्यान्वयनस्य-यथा आकस्मिक-अवकाशः, चिकित्सा-अवकाशः च-इत्यस्य दृढतया वकालतम् आसीत्।

### राशिफल

**मेष** : ज्यादा मेहनत करके अपनी प्रोफेशनल लाइफ को शानदार बनाए रखें। प्रोफेशनल तौर पर आप अच्छा कर सकते हैं।

**वृषभ** : आपको पर्सनल और सोशल गोल के करीब पहुंचने के साथ-साथ प्लान को आसानी से मैनेज करना चाहिए।

**मिथुन** : आज अपने लवर के साथ टाइम बिताने के लिए अच्छे मोमेंट ढूंढें। नए आइडिया आसानी से आ सकते हैं।

**कर्क** : आज के दिन पैसे को ध्यान से हैंडल करें। कोई बड़ी सेहत की दिक्कत भी रोजमर्रा की लाइफ पर असर नहीं डालेगी।

**सिंह** : आज के दिन जिम्मेदारियों को मौकों में बदलने के लिए बहुत अच्छा दिन है। अपनी सोच और आराम में बैलेंस बनाएं।

**कन्या** : आज धन के मामले को बहुत सावधानी से संभालें। आज के दिन अपने क्रश को प्रपोज करें और पॉजिटिव फीडबैक पाएं।

**तुला** : वर्कप्लेस पर आज का माहौल शांत रहेगा। आज के दिन काम पर मेहनत दिखाने के लिए नए ऑप्शन पर विचार करें।

**वृश्चिक** : आज के दिन आपकी रोमांटिक लाइफ शानदार रहेगी। आज हेल्थ से जुड़ी कुछ दिक्कतें हो सकती हैं।

**धनु** : आज के दिन कुछ जातकों की पर्सनल लाइफ अच्छी रहेगी। सब्र और क्लैरिटी के साथ प्रोग्रेस का आनंद ले सकते हैं।

**मकर** : अच्छे पल शेयर करें। आज के दिन यह भी क्लियर करें कि आपको काम पर भी सबसे अच्छे नतीजे मिल सकें।

**कुंभ** : इस बात का ध्यान रखें कि आप अपनी काबिलियत साबित करने के लिए काम पर नई भूमिकाएं लें सकें।

**मीन** : आज आपकी सेहत नॉर्मल है। प्रोफेशनल तौर पर आज आप बहुत अच्छा परफॉर्म कर सकते हैं।

## ज्योतिष/वास्तु

# अगस्त माह के आखिरी सप्ताह में इन 5 राशियों का चमक उठेगा भाग्य, अचानक धन लाभ के योग

अगस्त माह के आखिरी सप्ताह कई ग्रहों का राशि परिवर्तन होगा जिससे कुछ राशि वालों का भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा।

ग्रहों की चाल हर सप्ताह बदलती रहती है जिसके कारण इसका प्रभाव सभी 12 राशियों के जातकों के ऊपर पड़ता है। 24 अगस्त से महीने का आखिरी सप्ताह शुरू होगा। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार इस सप्ताह ग्रहों के राशि परिवर्तन से कई तरह के राजयोग का निर्माण होगा। इस सप्ताह हंस और बुधादित्य राजयोग का संयोग बनेगा। वहीं त्रिग्रही योग भी सूर्य, बुध और केतु की सिंह राशि में बनेगी। जिसका लाभ कुछ राशि वालों को होगा। आपको बता दें कि इस सप्ताह सूर्य, बुध और केतु सिंह राशि में, मंगल मिथुन राशि में , शुक्र कन्या राशि में, गुरु कर्क राशि में, शनि मीन राशि में, राहु कुंभ और केतु सिंह राशि में विराजमान रहेंगे। ऐसे में आइए जानते हैं 24 से 30 अगस्त का समय किन राशि वालों को सबसे ज्यादा शुभ और भाग्यशाली रहेगा।

**वृषभ राशि** – यह सप्ताह वृषभ राशि वालों के लिए बहुत ही अच्छा रहेगा। भाग्य का भरपूर साथ आपको मिलेगा। जो लोग बेरोजगार हैं और नौकरी की तलाश में हैं उनको अच्छी



सफलता मिल सकती है। आपके रूके हुए काम इस सप्ताह जल्द पूरें होंगे। परिवार संग मेल-मिलाप का सिलसिल अच्छा रहेगा। आपकी नई योजना कारगर रहेंगी। पारिवारिक स्थिति अच्छी रहेगी और सेहत में सुधार देखने को मिलेगा।

**कन्या राशि**– सप्ताह का आखिरी सप्ताह कन्या राशि वालों के लिए बहुत ही शुभ और लाभकारी रहेगा। इस सप्ताह आपको शुभ समाचार सुनने को मिल सकता है। कानूनी मामलों में फैसला आपके पक्ष में आ सकता है। समाज में मान-सम्मान और पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी। इस दौरान आपको धन लाभ होगा जिससे पैसों से जुड़ी परेशानियों का अंत होगा।

**वृश्चिक राशि**– आने वाले नया सप्ताह वृश्चिक राशि वालों के लिए अच्छा और शानदार साबित होगा। भाग्य का भरपूर साथ आपको मिलेगा। धन के लेन-देन में आपको अच्छी कामयाबी मिल सकती है। धार्मिक गतिविधियों में भाग लेने का बेहतर अवसर मिल सकता है। कानूनी मामलों में फैसला आपके पक्ष में आ सकता है। नौकरीपेशा जातकों को नई नौकरी के कुछ बेहतर अवसर मिल सकते हैं।

**मकर राशि**– मकर राशि वालों के लिए यह सप्ताह बहुत ही शुभ और शानदार रहेगा। आर्थिक स्थिति बेहतर होगी और धन के लेन-देन में आपको थोड़ा संभलकर रहना होगा। इस सप्ताह पैतृक संपत्ति से जुड़े मामलों में कोई कानूनी मामला आपके पक्ष में आ सकता है। जमीन में निवेश से धन प्राप्ति के अच्छे मौके मिलेंगे। परिवार में सुख-शांति और समृद्धि की प्राप्ति होगी।

**कुंभ राशि**– कुंभ राशि वालों के लिए यह सप्ताह अच्छा और शुभ साबित होगा। इस सप्ताह आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। जो लोग किसी तरह के बिजनेस से संबंध रखते हैं उनको अच्छा मुनाफा इस सप्ताह हो सकता है। सप्ताह के अंत में आपको कोई अच्छी खबरें सुनने को मिल सकती है।

## मेंस हॉकी वर्ल्डकप- इंडिया-अर्जेंटीनाः इंग्लैंड का बड़े अंतर से हारना भी जरूरी

# सेमीफाइनल के लिए भारत को बड़ी जीत चाहिए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ एम्सटेलवीन

मेंस हॉकी वर्ल्ड कप में टीम इंडिया करो या मरो के मुकाबले में आज अर्जेंटीना के सामने होगी। सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए टीम इंडिया को बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। साथ ही उम्मीद करनी होगी कि इसके बाद होने वाले मुकाबले में नीदरलैंड, इंग्लैंड को बड़े अंतर से हरा दे।

पूल-ए का यह मुकाबला नीदरलैंड के एम्सटेलवीन में शाम 6:15 बजे शुरू होगा। ग्रुप में नीदरलैंड 6 अंक के साथ टॉप पर है और सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर चुका है। इंग्लैंड और अर्जेंटीना के 3-3 अंक हैं, जबकि भारत बिना अंक के चौथे स्थान पर है।



### अगर भारत जीतता है और इंग्लैंड हारता है

इस स्थिति में भारत, इंग्लैंड और अर्जेंटीना के 3-3 अंक हो जाएंगे और बात गोल डिफरेंस पर आएगी। भारत का गोल डिफरेंस -4 है, जबकि अर्जेंटीना और इंग्लैंड का 0 है। अगर भारत 2-0 से जीतता है, इंग्लैंड को 0-3 से हारना होगा। अगर भारत 4-1 से जीतता है, तो इंग्लैंड को कम से कम 0-2 से हारना होगा। यानी हर स्थिति में दोनों मैचों में गोल का डिफरेंस 5 होना चाहिए। ऐसा होने पर भारत, इंग्लैंड और अर्जेंटीना को गोल डिफरेंस में पीछे छोड़कर सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा।

### अर्जेंटीना ने इंग्लैंड को हराकर भारत की उम्मीदें जगाई

अर्जेंटीना ने पिछले मुकाबले में इंग्लैंड को 3-1 से हराया था। इस जीत के बाद उसके 3 अंक हो गए। इससे भारत के लिए सेमीफाइनल में पहुंचने का चांस बना है। भारत की सबसे बड़ी चुनौती गोल अंतर सुधारना है। टीम को कप्तान हरमनप्रीत सिंह से गोल की उम्मीद होगी। वे टूर्नामेंट में अब तक 6 गोल कर चुके हैं। उनके अलावा अभिषेक ने 2 और दिलप्रीत सिंह ने 1 गोल किया है। अर्जेंटीना के खिलाफ भारत को पेनल्टी कॉर्नर के साथ ओपन प्ले में भी गोल करने होंगे।

### भारत से हुए इस साल दोनों मुकाबले अर्जेंटीना ने जीते

भारत के लिए अर्जेंटीना को बड़े अंतर से हराना आसान नहीं होगा। इस साल हॉकी प्रो लीग में दोनों टीमों के बीच 2 मुकाबले खेले गए थे। दोनों ही मैच अर्जेंटीना ने जीता था। इतना ही नहीं अर्जेंटीना ने भारत को 8-0 और 4-2 के बड़े अंतर से हराया था। भारत के चीफ कोच क्रेग फुल्टन ने कहा कि टीम के पास सेमीफाइनल में पहुंचने का मौका अभी बाकी है। उन्होंने माना कि भारत को गोल करने होंगे, लेकिन साथ ही अपने गेम प्लान को भी बनाए रखना होगा।

### दोनों टीमों का स्क्वॉड

- **भारतः** जरमनप्रीत सिंह, अभिषेक, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, दिलप्रीत सिंह, मंदीप सिंह, हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), सुमित, नीलकंठ शर्मा, लालगे आदित्य अर्जुन, शशिकुमार मोहिथ होन्नेनहल्ली, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, विवेक सागर प्रसाद, सुखजीत सिंह, यशदीप सिवाच, संजय, सूरज करकेरा (गोलकीपर), राजिंदर सिंह, शिलानंद लाकड़ा।
- **अर्जेंटीनाः** मातियास रे (कप्तान), टॉमस सैंटियागो, फाकुंडो जाराटे, निकोलस कीनन, माइको कासेला, निकोलस डेला टोरे, लुकास टोस्कानी, नेहुएन हर्नांडो, टॉमस रुइज, जोआक्विन टोस्कानी, मातियास आंद्रेओटी, टॉमस डोमेने, लुकास मार्टिनेज, निकोलस सिसिलियो, तादेओ मारकुची, इग्नासियो इबारा, थॉमस हबीफ, बाउतिस्ता कापुरो, मार्टिन फेरेइरो, लुसियो मेंडेज।

### महिला हॉकी वर्ल्डकप के सेमीफाइनल में नहीं पहुंची टीम इंडिया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ एम्सटेलवीन

भारतीय महिला हॉकी टीम वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में नहीं पहुंच सकी है। उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत की जरूरत थी, लेकिन मैच 0-0 से ड्रॉ रहा और ऑस्ट्रेलिया टॉप-4 में पहुंच गई।

एमस्टेलवीन के वैगनर हॉकी स्टेडियम में भारतीय कोच ने आखिरी 5 मिनट के लिए गोलकीपर को भी बाहर बुला लिया था। ताकि, गोल के मौके बनाए जा सके। लेकिन, गोल नहीं आया।

भारत लगातार तीसरे मैच में गोल नहीं कर सका है। उसे पिछले मुकाबले में नीदरलैंड ने 0-2 से हराया। जबकि, इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबला गोलरहित ड्रॉ रहा था। भारतीय टीम की ओर से पिछला गोल साउथ अफ्रीका के खिलाफ 18 अगस्त के मैच में हुआ था। उस में इंडिया 6-1 से जीत हासिल की थी। 48वें मिनट में भारत के पास फील्ड गोल करने का अच्छा मौका था। लेकिन, तीन खिलाड़ियों के बीच कन्फ्यूजन के कारण गोल नहीं हुआ। यहां कप्तान सलीमा टेटे ने दाएं छोर पर बेहतरीन मूव बनाया और बॉल को लेकर तेजी से आगे बढ़ी।

# इमरान के लिए 21 पूर्व क्रिकेट कप्तानों की चिट्ठी



### पाकिस्तान सरकार को लिखा- उन्हें सही इलाज दिया जाए, गावस्कर-कपिल के भी दस्तखत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को सही इलाज दिलाने के लिए दुनियाभर के क्रिकेटर आगे आए हैं। सुनील गावस्कर, कपिल देव समेत 21 पूर्व कप्तानों ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ सरकार को पत्र लिखकर वर्ल्ड कप विजेता कप्तान इमरान खान को सही मेडिकल इलाज देने की मांग रखी है।

23 अगस्त को लिखे गए लेटर में मांग की गई कि इमरान खान के साथ मानवीय व्यवहार किया जाए। साथ ही सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक इमरान की मेडिकल जांच की जाए। लेटर लिखने वालों में भारत के 3, ऑस्ट्रेलिया के 8, इंग्लैंड के 6, वेस्टइंडीज-श्रीलंका के 1-1 और न्यूजीलैंड के 2 पूर्व कप्तान शामिल हैं।

लेटर में कपिल देव, सुनील गावस्कर, दिलीप वेंगसरकर,स्टीव वॉ, एडम गिलक्रिस्ट, एलन बॉर्डर, ग्रेग चैपल, इयान चैपल, बेलिंडा क्लार्क, एलेक्स ब्लैकवेल, किम ह्यूज, एलिस्टेयर कुक, नासिर हुसैन, माइकल एथरटन, डेविड गोवर, एंड्रयू स्ट्रॉस, माइकल ब्रायरली, क्लाइव लॉयड, अर्जुन रणतुंगा, जॉन राइट, ली जर्मन के हस्ताक्षर हैं।

## खबर एक नजर...

### सड़क निर्माण कंपनी के सुपरवाइजर की गिरने से मौत

**उज्जैन।** अन्नपूर्णानगर नानाखेड़ा में रहने वाला अनिरूद्ध पिता आत्माराम मालवीय 46 साल सड़क निर्माण कंपनी में सुपरवाइजर था। रविवार शाम को कुत्ताबावड़ी क्षेत्र में फोरलेन साइड पर काम देख रहा था उसी दौरान गश्त खाकर गिर गया, उसे कंपनी से जुड़े लोगों ने उठाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं उठा, डंपर में डालकर उसे चरक अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। अस्पताल स्टाफ ने मामले की सूचना भैरवगढ़ थाना पुलिस को दी। कुछ देर बाद भैरवगढ़ थाना पुलिस ने घटनास्थल महाकाल थाने का होना बताया। अस्पताल स्टॉफ की ओर से महाकाल थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया गया है। आशंका जताई गई है कि सुपरवाइजर को दिल का दौरा पड़ा था, जिसका खुलासा सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद हो पायेगा।

### कार्तिक मेला ग्राउंड हादसे में घायल युवक की मौत

**उज्जैन।** कार्तिक मेला ग्राउंड में 20 अगस्त को धार्मिक यात्रा पर आई सोनू ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी 41 पी 8988 पार्क की गई थी। रात 11 बजे चालक ने बस को पार्किंग से बाहर निकालने के लिये रिवर्स लिया था, उसी दौरान पार्किंग मैदान में सो रहे पारस पिता पूरणसिंह बघेल 25 साल निवासी मुरैना पर बस का पिछला पहिया चढ़ गया था। पारस गंभीर घायल हुआ था, जिसे उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 2 दिन चले उपचार के बाद रविवार तड़के पारस की मौत हो गई। महाकाल थाना एएसआई के. के. मालवीय ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। बस जप्त कर ली गई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि पारस काफी समय से उज्जैन में रहकर होटल पर काम कर रहा था। दुर्घटना के बाद पुलिस से उन्हे सूचना मिली थी। जिसके बाद उज्जैन पहुंचे थे। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव अंतिम संस्कार के लिये मुरैना लेकर गये है।

### मृतक साधु पंचमुखी हनुमान मंदिर का था सेवक

**उज्जैन।** नृसिंहघाट के पास सुलभ कॉम्पलेक्स में शनिवार दोपहर बाथरूम में गिरकर बेहोश हुये साधु को अस्पताल लाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। महाकाल पुलिस ने मर्ग कायम कर पहचान के प्रयास शुरू किये थे। रात में पता चला कि साधु सीताराम महाराज 60 साल है, जो नृसिंहघाट के पास कुटिया में रहते थे। वह पंचमुखी हुनमान मंदिर के सेवक थे और सालों से प्रतिदिन बाबा महाकाल की संध्या आरती में शामिल होने जाते थे। पुलिस ने पहचान होने पर नृसिंहघाट के आसपास रहने वाले लोगों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया और शव सौंपा। लोगों के माध्यम से साधु का अंतिम संस्कार कराया गया है। आशंका जताई जा रही है कि नहाते समय उन्हे हार्ट अटैक हुआ है, जिसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर होगा।

### कार का फोटो खींचने पर वृद्ध को मारा मुक्का

**उज्जैन।** देवासरोड पर लालपुर के समीप बाइक सवार 65 वर्षीय श्रीकृष्ण पिता लक्ष्मीप्रसाद तिवारी निवासी मंगल रेसीडेंसी को तेजगति से आई कार ने टक्कर मार दी थी। वृद्ध गिरकर घायल हो गये थे, चालक ने कार लेकर भागने का प्रयास किया, तो घायल श्रीकृष्ण तिवारी ने मोबाइल से कार की नम्बर प्लेट का फोटो खींच लिया। चालक ने कार को रोका और उतरने के बाद वृद्ध को मुक्का मार दिया और धमकी देकर भाग निकला। नागझिरी थाना पुलिस ने वृद्ध की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने और मारपीट कर धमकाने का प्रकरण दर्ज किया है। कार नम्बर के आधार पर चालक की तलाश जारी है।

### दंपति की मौत के मामले में घायल चालक पर केस

**उज्जैन।** इंदौररोड ग्राम रामवासा में 16 अगस्त की सुबह पंचर खड़े ट्रक क्रमांक एमपी 15 एचए 0683 से कार क्रमांक एमपी 42 सी 2786 टकरा गई थी। कार में आगर मालवा सराफा बाजार में रहने वाले आभूषण व्यवसाई गोपालदास सोनी और उनकी पत्नी रेखा सोनी की मौत हो गई थी। कार में सवार उनके दोस्त की पुत्री निशिता गर्ग घायल हुई थी। दुर्घटना में पंचर ट्रक का टायर बदलने के लिये जैक चढ़ा रहा ड्रायवर आबिद खान निवासी सोनकच्छ भी घायल हो गया था। नानाखेड़ा पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया था। प्रधान आरक्षक धर्मेन्द्र सूर्यवंशी ने बताया कि जांच में आये तथ्यों के आधार पर चालक के खिलाफ बिना संकेतक लापरवाही पूर्वक रोड पर ट्रक खड़ा करने का मामला दर्ज किया गया है। गेहूं से भरा ट्रक जप्त कर लिया गया है।

### शराब के साथ हिरासत में आया बाइक सवार

**उज्जैन।** भाटपचलाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान सिनोद मार्ग से नोगांव फंटा की ओर आ रहे बाइक सवार को रोका तो उसके पास प्लास्टिक की केन में 10 लीटर कच्ची जहरीली शराब भरी होना सामने आई। पुलिस पूछताछ में बाइक सवार को नाम दिनेश पिता लालू सोलंकी निवासी नोगांव हाल मुकाम रूनीजा सामने आया। पुलिस ने बाइक जप्त कर दिनेश के खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया है

1 6 9

---

घर में मिली खून से सनी लाश, सीने और गले पर थे गहरे निशान

# चाकू मारकर सेवानिवृत्त पशु चिकित्सक की हत्या

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

पशु चिकित्सालय से सेवानिवृत्त हो चुके डॉक्टर की शनिवार-रविवार रात हत्या कर दी गई। सुबह घर में पलंग पर खूनी से सनी लाश पत्नी ने देखी। पुलिस घटनास्थल पहुंची तो सीने और गले पर चाकू के गहरे निशान पाये गये। चाकू भी मौके पर पड़ा था।

घट्टिया थाना प्रभारी करण खोवाल ने बताया कि सुबह 7 बजे के लगभग खबर मिली थी कि बस स्टेंड के पास सांवरिया सदन में रहने वाले सेवानिवृत्त पशु चिकित्सक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई है। पुलिस टीम घटनास्थल पहुंची, डीएसपी भारतसिंह यादव भी मौके पर पहुंच गये थे। मृतक का नाम गजराज पिता किशोरसिंह तोमर 70 साल सामने आया। घर में वह पत्नी शिवाकुंवर के साथ रहते थे। पत्नी





से पूछताछ में पता चला कि वह ऊपरी मंजिल पर कमरे में रहती है। पति की बायपास सर्जरी हुई थी, जिसके चलते वह मकान की निचली मंजिल के कमरे में रहते थे। 2 बेटियां और एक पुत्र है। एक बेटी की शादी इंदौर और दूसरी की ग्राम कदवाली में हुई है। पुत्र विदेश में नौकरी करता है। पुलिस को घटनास्थल से चाकू मिला है। पड़ताल के लिये एफएसएल टीम और खोजी डॉग को बुलाया गया। डॉग कुछ दूरी पर गया और लौट आया। दोपहर में शव को पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल लाया गया। थाना प्रभारी के अनुसार मामला हत्या का होने पर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे जा रहे है, वहीं घटनास्थल के आसपास की मोबाइल लोकेशन को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही हत्या में शामिल आरोपियों का पता लगा लिया जायेगा।

#### जमीन विवाद को लेकर हत्या की आशंका

पुलिस की जांच में पता चला है कि मृतक सेवानिवृत्त डॉक्टर गजराज और उसके दो भाईयों के बीच जमीन का लेकर पारिवारिक विवाद चला आ रहा था। मृतक के पास 21 बीघा जमीन थी और दोनों भाईयों के पास मृतक से कम जमीन होना सामने आ रहा है। दोनों भाई भी घट्टिया तहसील के निवासी है। पुलिस को जमीन विवाद में हत्या होने की आशंका है, जिसके चलते सभी बिंदूओं पर जांच कर परिवार के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

#### रात में दरवाजा खुलावाकर की गई हत्या

बताया जा रहा है कि बायपास सर्जरी के बाद गजराज सिंह घर में रहते थे, वह अधिकांश समय अपने कमरे का दरवाजा बंद रखते थे। रात में खाना खाने के बाद भी दरवाजा बंद किया था। रात में कोई परिचित ने आकर दरवाजा खुलावाया है और हत्या का अंजाम दिया है। हत्या का समय रात 3 से 5 बजे का होना प्रतीत हो रहा है। सुबह जब पत्नी ऊपरी मंजिल से नीचे आई तो उन्होने दरवाजा खुला और पलंग पर पति की लाश पड़ी देखी।

---

कैमरे में दिखे 2 बदमाश, आभूषण-नगदी गायब

# चोरों ने नायब तहसीलदार के मकान का तोड़ा ताला

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

नायब तहसीलदार के मकान का शनिवार-रविवार रात बदमाशों ने ताला तोड़कर चोरी को अंजाम दे दिया। सुबह आसपास के लोगों को ताला टूटा दिखाई दिया तो परिवार को सूचना दी गई। पुलिस मामले की जांच के लिये पहुंची। कैमरे में 2 बदमाश दिखाई दिये है।

नागझिरी थाना क्षेत्र की क्षिप्रा विहार कालोनी के डी सेक्टर में पारस वैश्य का मकान बना हुआ है। वह देवास जिले के सोनकच्छ में नायब तहसीलदार है। उनका एक मकान ओर है, जहां माता-पिता निवास करते है। क्षिप्रा विहार कालोनी का मकान पिछले 10-12 दिनों से सूना था। रविवार सुबह मकान में चोरी होने की खबर मिलने पर परिवार के लोग पहुंचे। मकान में सामान बिखरा पड़ा था और अलमारियां खुली हुई थी। बदमाशों ने पूरे घर की तलाशी ली थी। चोरी की सूचना पर पुलिस वारदात स्थल पहुंची। इस दौरान सामने आया कि बदमाश करीब आधा





किलो चांदी के आभूषण, सोने की चेन और कुछ अन्य आभूषण के साथ नगद 10-11 हजार के लगभग ले गये है।

**दीवार कूदता दिखाई दिया बदमाश-** पुलिस ने चोरी करने वाले बदमाशों का पता लगाने के लिये मकान पर लगे कैमरों के फुटेज खंगाले तो 2 बदमाश दिखाई दिये। एक बदमाश मकान की बाउंड्रीवाल कूदकर अंदर जाता दिखाई दिया। दूसरा बाहर खड़ा था। दोनों बदमाश तड़के 4 बजे के लगभग आये थे। मकान के मेन गेट का लॉक तोड़ने के बाद दोनों अंदर घुसे थे। उन्होने सिर और चेहरा छुपा रखा था। वारदात के बाद बेग लेकर दोनों पैदल निकल गये।

**शहर में घूम रही चोरों की गैंग-** पिछले कुछ दिनों से शहर में लगातार चोरी की वारदात होना सामने आ रहा है। चिमनगंज थाना क्षेत्र में 15 अगस्त से 21 अगस्त के बीच 4 से 5 मकानों में वारदात होना सामने आ चुकी है। अब चोरों का मूवमेंट नागझिरी क्षेत्र में दिखाई दिया है। मकानों-दुकानों के साथ बाइक चोर भी सक्रिय है, जो प्रतिदिन 2 से 3 बाइक चोरी कर रहे हैं।

---

# ढाई घंटे बाद कुएं से निकाला गया युवक का शव

### उज्जैन से पहुंची थी एसडीआरएफ की टीम

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंगोरिया**

रविवार दोपहर को कुएं में नहाने के लिये उतारा युवक गहराई में चला गया। उसके साथियों ने गांव वालों को सूचना दी। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। कुएं की गहराई अधिक थी, उज्जैन से एसडीआरएफ की टीम बुलाई गई। ढाई घंटे की मशक्कत के बाद शव बाहर निकाला गया।

इंगोरिया थाना प्रभारी दिपेश व्यास ने बताया कि दोपहर में ग्राम पलसोड़ा से खबर मिली थी कि ग्रामीण रतन पिता डोंगरसिंह राजपूत के खेत पर बने कुएं में युवक डूब गया है। टीम के साथ मौके पर पहुंचने के बाद डूबे युवक का नाम करण पिता जुझारलाल 17 साल निवासी पलसोड़ा सामने आया। लोगों से पूछताछ में सामने आया कि दोस्तों के साथ नहाने के लिये आया था, करण ने कपड़े उतारने के बाद नहाने के लिये कुएं में छलांग लगाई, लेकिन वापस बाहर नहीं आया, दोस्तों ने गांव वालों को सूचना दी। थाना प्रभारी व्यास ने बताया कि कुएं पक्का बना हुआ है, जिसकी गहराई 45 से 50 फीट की है। युवक की तलाश के प्रयास शुरू किये गये लेकिन वह गहराई में जा चुका था, उसे बाहर निकालने के लिये उज्जैन से एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया, करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला गया, उसकी मौत हो चुकी थी, शव को पोस्टमार्टम के लिये बड़नगर अस्पताल भेजा गया। मामले में मर्ग कायम किया गया है।

---

# खेत किनारे तार फेंसिंग में फंसी मिली लाश

### किसान से छोड़ा था करंट, जांच जारी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**



खेत किनारे तार फेंसिंग में रविवार सुबह लाश फंसी और झुलसी हालत में होने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। मृतक की कुछ देर में पहचान हो गई। किसान ने मवेशियों से फसल को बचाने के लिये रात में करंट छोड़ा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मामला झारड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम बोरखेड़ी का है। थाना प्रभारी सुरेन्द्र गरवाल ने बताया कि सुबह ग्रामीणों ने सूचना देकर बताया था कि रामप्रसाद पिता भगवानसिंह के खेत किनारे एक लाश पड़ी है। पुलिस घटनास्थल पहुंची तो मृतक की पहचान अम्बाराम पिता गंगाराम नायक 43 साल निवासी बोरखेड़ी के रूप में हो गई। जांच के दौरान मौत की वजह करंट लगने से होना पाया गया। मृतक के परिजनों ने बताया कि सुबह मवेशियों के लिये चारा काटने का बोलकर घर से निकला था। पुलिस ने खेत मालिक से पूछताछ की तो पता चला कि मृतक उसका रिश्तेदार है, उसने नीलगाय और मवेशियों से फसल को बचाने के लिये खेत के चारों ओर तार फेंसिंग की है,जिसमें रात को करंट छोड़ दिया था। थाना प्रभारी के अनुसार मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। खेत मालिक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया जा सकता है।

---

भाभी ने देखी लाश, ड्रायवर था मृतक

# पत्नी मायके गई थी पति ने लगा ली फांसी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

रात को घर लौटे युवक ने कमरे में जाने के बाद फांसी लगा ली। रविवार सुबह भाभी जगाने पहुंची तो देवर को फंदे पर लटका देखा। युवक की पत्नी डिलेवरी के लिये मायके गई हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

भैरवगढ़ थाना एएसआई राजेश सौराष्ठी ने बताया कि सुबह ग्राम सोड़ग में रहने वाले मनोज पिता गोपीनाथ दायमा 27 साल का शव घर में फांसी के फंदे पर लटके होने की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची थी। विवेचना के दौरान परिजनों ने बताया कि मनोज का फंदे पर लटका उसकी भाभी ने देखा। मनोज ड्रायवरी करता था रात में घर लौटा था और भाभी ने खाना दिया था, जिसके बाद वह कमरे में चला गया था। सुबह देर तक नहीं जागने पर उसे भाभी जगाने पहुंची थी। मनोज की सालभर पहले शादी हुई थी। पत्नी गर्भवती है, जो डिलेवरी के लिये राजस्थान गई हुई है। एएसआई सौराष्ठी के अनुसार फांसी लगाने का कारण सामने नहीं आया है। मृतक का मोबाइल जप्त कर जांच में लिया गया है। कॉल डिटेल के बाद ही कुछ स्पष्ट हो पायेगा। फिलहाल मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है।

#### इधर अस्पताल में भर्ती थी पत्नी

चिमनगंज थाना क्षेत्र के साहेबखेड़ी में रहने वाले हीरालाल पिता नाथुलाल सिलोदिया 35 साल ने रविवार दोपहर फांसी लगा ली। घटना के समय बीमार पत्नी अस्पताल में भर्ती थी। हीरालाल के पिता और पुत्र गांव में किराना दुकान चलाते है, दोनों दुकान पर थे। पुत्र पंकज दोपहर में घर पहुंचा तो पिता को फंदे पर लटका देखा। गांव के कोटवार (चौकीदार) ने मामले की सूचना पुलिस को दी। शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। सोमवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा। फांसी लगाने का कारण सामने नहीं आया है। मृतक मजदूरी करता था।

---

# नानाखेड़ा-शांति पैलेस मार्ग की एक लेन 28 अगस्त को खुलेगी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा नानाखेड़ा से शांति पैलेस चौराहा तक किए जा रहे मार्ग चौड़ीकरण कार्य में तेजी लाई जा रही है। महापौर मुकेश टटवाल ने बताया कि 28 अगस्त, शुक्रवार को राखी पर्व के अवसर पर नानाखेड़ा से शांति पैलेस चौराहा मार्ग की एक साइड नागरिकों के आवागमन के लिए प्रारंभ कर दी जाएगी।

रविवार को महापौर मुकेश टटवाल ने अधिकारियों के साथ निमार्णाधीन मार्ग का निरीक्षण किया और कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एक और का मार्ग खुलने से क्षेत्र के नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा यातायात व्यवस्था को भी बेहतर बनाने में मदद मिलेगी, इसी के साथ सितंबर माह के अंत तक शेष कार्य को पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। नानाखेड़ा से शांति पैलेस चौराहा तक 9 करोड़ 44 लाख रुपये की लागत से 550 मीटर लंबाई एवं 45 मीटर चौड़ाई वाले मार्ग का निर्माण किया जा रहा है, मार्ग को आधुनिक एवं व्यवस्थित स्वरूप प्रदान करने के लिए दोनों ओर 2.25 मीटर चौड़े ग्रीन बेल्ट, मध्य डिवाइडर में पौधारोपण, दोनों ओर सर्विस रोड तथा सर्विस रोड के दोनों ओर फुटपाथ का निर्माण किया जा रहा हैं साथ ही डिवाइडर का निर्माण कर क्षेत्र को बेहतर यातायात व्यवस्था के अनुरूप विकसित किया जाएगा। मार्ग पर हाईमास्ट एवं आकर्षक प्रकाश व्यवस्था के माध्यम से रात्रि में भी क्षेत्र को पर्याप्त रोशनी उपलब्ध कराई जाएगी।

---

# श्रावण की चौथी एवं अंतिम सवारी आज

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

श्रावण मास के चौथे एवं अंतिम सोमवार पर भगवान श्री महाकालेश्वर की सवारी में भगवान के चार रूपों के दर्शन श्रद्धालुओं को होंगे। अपरांह मंदिर से निकलने वाली सवारी में पालकी में श्री चन्द्रमोलेश्वर, हाथी पर श्री मनमहेश, गरूड़ रथ पर श्री शिवताण्डव, नन्दी रथ पर श्री उमा महेश विराजित होकर नगर भ्रमण पर निकलेगे। श्रावण झभादौ मास में भगवान श्री महाकालेश्वर की नगर भ्रमण पर निकलने वाली सवारियों के क्रम की शुरूआत इस वर्ष 3 अगस्त से हुई थी। इस वर्ष कुल 6 सवारियां निकाली जाना है। 24 अगस्त को श्रावण मास का अंतिम सोमवार रहेगा ।ऐसे में श्रावण मास की अंतिम सवारी इस अवसर पर निकाली जाएगी। इसके उपरांत भादौ मास की दो सवारियों को निकाला जाएगा। सवारी निकलने से पूर्व मंदिर के सभागृह में भगवान के श्री चंद्रमौलेश्वर एवं श्री मनमहेश स्वरूप का पूजन अर्चन किया जाएगा। इसके उपरांत रजत पालकी में भगवान के श्री चंद्रमौलेश्वर स्वरूप को विराजित कर निकाला जाएगा। सवारी के क्रम में पालकी में श्री चन्द्रमोलेश्वर, सूमा हाथी पर श्री मनमहेश, गरूड़ रथ पर श्री शिवताण्डव, नन्दी रथ पर श्री उमा महेश विराजित होकर नगर भ्रमण करेंगे।

---

सीएमएचओ डॉ. पटेल का दावा हमारी पूरी तैयारी, भरपूर दवा, 2 डाक्टर्स, 4 नर्से, पर्याप्त दवा

# स्वाईन फ्लू से हम भी लडने को तैयार, 10 बेड का आईसोलेशन वार्ड तैयार

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

स्वाईन फ्लू एन -1 एच -1 के पिछले 20 दिनों में तीन मरीज सामने आने की स्थिति में जिला स्वास्थ्य विभाग पूरी तैयारी में है। सीएमएचओ डा.अशोक कुमार पटेल का कहना है कि स्वाईन फ्लू बेकरार है तो हम भी लडने को तैयार हैं। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि हमारी तैयारी पूरी है। अव्वल तो हम इसे फैलने से पहले ही रोकने के लिए कारगर कदम संक्रमित मरीजों के क्षेत्र में उठा रहे हैं।

शनिवार को दो स्वाईन फ्लू ग्रसित मरीजों के सामने आने के साथ ही पिछले 20 दिनों में जिले में 3 मरीजों की अब तक पुष्टि हो चुकी है। इनमें दो पुरूष एवं एक महिला शामिल है। महिला की बीते 18 अगस्त को मौत हो




चुकी है जबकि उसकी स्क्रीनिंग में कांटेक्ट हिस्ट्री एवं ट्रेवलिंग हिस्ट्री सामने नहीं आई है जिससे की पता लग सके महिला स्वाईन फ्लू से कैसे ग्रसित हुई। शेष दो मरीजों की स्क्रीनिंग जारी है और उनकी कांटेक्ट एवं ट्रेवलिंग हिस्ट्री निकाली जा रही है।

**10 बेड का आइसोलेशन वार्ड-** बकौल सीएमएचओ डा.पटेल जिला अस्पताल के चरक भवन में चौथी मंजिल पर स्वाईन फ्लू के मरीजों के लिए आईसोलेशन वार्ड तैयार है। इसमें प्रभावित मरीजों के पर्याप्त इलाज की व्यवस्था है। यहां प्रशिक्षित दो चिकित्सक एवं वरिष्ठ चिकित्सक की देखरेख में 4 नर्सों को मरीज के उपचार के लिए तैनात किया गया है। पर्याप्त मात्रा में इलाज के लिए दवाईयों का स्टाक भी उपलब्ध है। शनिवार को खाचरौद के मडावदा निवासी 66 वर्षीय बुजूर्ग को निजी अस्पताल से छुट्टी देने के बाद उसे चरक के आईसोलेशन वार्ड में ही उपचार दिया जा रहा है। एक अन्य महालक्ष्मी नगर निवासी मरीज की निजी अस्पताल से छुट्टी हो चुकी है और वे घर में आराम कर रहे हैं। अगले दिनों में भी इन मरीजों पर बराबर निगरानी रखी जा रही है। संक्रमण की स्थिति को देखते हुए उन्हें ताकीद किया गया है कि अगले दिनों में वे किसी के संपर्क में न आए। घर में ही अकेले में रहकर आराम करें।

#### स्क्रीनिंग का काम तेज

शनिवार को दो मरीजों की अहमदाबाद से मिली रिपोर्ट के बाद से स्वास्थ्य विभाग का अमला अलर्ट हो चुका है। खाचरौद के मडावदा गांव में रविवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम के पहुंचने एवं वहां स्क्रीनिंग का काम किए जाने की जानकारी सामने आ रही है। इसके तहत मरीज के घर के आसपास के क्षेत्र में दवाई छिडकाव के साथ ही आसपास के रहवासियों के स्वास्थ्य की जांच की गई है। करीब तीन दर्जन से अधिक लोगों को जांच के दायरे में लिया गया है। मरीज के परिजनों से उसके मिलने वालों एवं उसके बाहर जाने और संपर्क की जानकारी ली गई है। महालक्ष्मी नगर निवासी 48 वर्षीय मरीज के घर भी स्वास्थ्य विभाग की टीम के पहुंचने और स्क्रीनिंग के लिए जानकारी लेने के साथ ही उसके आसपास के निवासियों की भी जांच की गई है। मरीज से उसकी कांटेक्ट हिस्ट्री एवं ट्रेवलिंग हिस्ट्री के बारे में जानकारी ली गई है।

**चरक में सर्दी-जुकाम,बुखार के मरीज बढे-** चरक अस्पताल में सर्दी-जुकाम और बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ती दिखाई दे रही है जिसमें सबसे अधिक बच्चे शामिल हैं। चरक अस्पताल में बने 74 बेड का वार्ड बच्चों से भरा दिखाई दे रहा है।

**वृद्धा को सुअरों से होना सामने आया-** इस माह के प्रारंभ में जिले में स्वाईन फ्लू के इस वर्ष के पहले मरीज के रूप में ऋषिनगर निवासी वृद्धा की पहचान हुई थी। महिला को पहले उज्जैन के निजी अस्पताल में और उसके बाद इंदौर के अस्पताल में उपचार दिया गया था। महिला के वापस घर लौटकर आने के बाद उसकी 18 अगस्त को मौत हो गई थी। डा.पटेल के अनुसार महिला को शुगर थी और कोमार्डिटी के कारण ऐसा हुआ । महिला के घर के पास ही नाले में सुअरों के बैठने की स्थिति सामने आई थी जिसके चलते आशंका है कि उसे सुअरों से स्वाईन फ्लू हुआ।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com